न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय गौरक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देखी गौशाला की स्थिति

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** शनिवार को राष्ट्रीय गौरक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्याम जी महाराज ने नगर पंचायत स्थित कान्हा गौशाला पहुंचकर गौवंशों की स्थिति और भूसा व हरे चारे की उपलब्धता देखी। इस दौरान राष्ट्रीय गौरक्षक दल के जिला उपाध्यक्ष पवन भी रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गौवंशों की अच्छे तरीके से देखरेख करने का निर्देश कर्मचारियों को दिये। इस मौके पर शैलेंद्र पाल व अंकित आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने वृद्धजनों संग मनाई होली

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव तकिया निगोही स्थित वृद्धाश्रम में होली पर शनिवार को एसडीएम सफीपुर शिवेन्द्र वर्मा ने जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को अमीर व गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने वृद्धजनों को फल वितरित किए। एसडीएम ने वृद्धाश्रम की साफ-सफाई का निरीक्षण किया और वृद्धजनों से उनको मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

### छत से गिरकर घायल

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** माखी थाना व गांव निवासी अनुज (23) पुत्र नन्हे शुक्रवार रात घर की छत पर सो रहा था। देररात लघुशंका जाते समय नींद में दिशा भ्रम होने से बिना रेलिंग की छत से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। परिजन अनुज को सफीपुर सीएचसी लाए। जहां से उसे गंभीर देख प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# लापता युवक का शव खेत में पड़ा मिला

## शव के पास कंबल, गत्ते का टुकड़ा और बिखरी पड़ी थीं कीटनाशक दवाएं, जांच शुरू

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** होलिका दहन के अगले दिन से गायब हुए युवक का शव गेंहू के खेत में पड़ा देखा गया, उसके पास कंबल, गत्ते का टुकड़ा और इधर-उधर कीटनाशक दवाएं पड़ी थी। शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का मालूम पड़ रहा है, वहीं घर वाले आत्महत्या वाली बात मानने को तैयार नहीं है।

लोनार थाने के बाज़पुर नकटौरा निवासी नीरज कुमार शुक्ला का 24 वर्षीय पुत्र आशीष शुक्ला हरिद्वार में निजी कम्पनी में नौकरी करता था, डेढ़ महीनें से वह गांव में था। पिता नीरज कुमार शुक्ला ने बताया कि आशीष सोमवार को होलिका दहन के दौरान गांव में था, उसकी अगली सुबह वह कहुं गायब हो गया। होली वाले दिन उसे हर तरफ ढूंढा गया, लेकिन उसका कहीं सुराग़ नहीं लगा, उसी बीच शनिवार की सुबह गांव के बाहर बब्लू राजपूत के गेंहू के खेत में उसका शव पड़ा हुआ देखा गया, इसका पता होते ही खेत के आसपास भीड़ लग गई। शव के पास एक कंबल, गत्ते का टुकड़ा और तमाम सी कीटनाशक दवाएं पड़ी हुईं थी। पुलिस की शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन आशीष के घर वाले इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

### मकान के बाथरूम में मिला चौकीदार का सड़ा-गला शव मिला

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर का रहने वाला नन्हे (50) जियाउद्दीन अंसारी उर्फ लल्लू निवासी मोहल्ला खलील के अल्लाहपुर इब्ने जयी स्थित मकान की चौकीदारी करता था और उसी मकान में रहता था। पुलिस के अनुसार नन्हे शराब पीने का आदी था। इस मकान में पीआरबी का एक सिपाही भी किराए पर रह रहा था। शनिवार को सुबह मकान से काफी बदबू आने लगी तो पीआरबी के सिपाही ने मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो बंद बाथरूम में नन्हें का सड़ा-गला शव पड़ा पाया गया। अंदाजा लगाया जा रहा है कि नन्हे की मौत लगभग एक सप्ताह पहले हुई होगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि शराब के नशे में नन्हे बाथरूम में गिर गया जिससे वह बेहोशी की हालत में चला गया और उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर आई और जांच कर साक्ष्य संकलित किये। मकान मालिक जियाउद्दीन अंसारी उर्फ लल्लू की तहरीर पर पंचनामा की कार्रवाई पूर्ण करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक नन्हे के परिवार से कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया है।



यूपीएससी की परीक्षा में सफलता पाने वाले योगेंद्र कुमार को सम्मानित करते सपा नेता ब्रजेश वर्मा।

### यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाले योगेंद्र को किया सम्मानित

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाले योगेंद्र कुमार के आवास पर पहुंचकर सपा नेता ब्रजेश वर्मा टिल्लू भैया ने मिलकर बधाई दी। शुक्रवार को लोक सेवा आयोग सिविल सर्विसेज की परीक्षा में 286 वीं रेंक काजीपुर फरहत नगर निवासी गिरीश चंद्र के होनहार पुत्र योगेंद्र कुमार ने चौथे प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की। बचपन से ही अधिकारी बनने का ख्वाब सजोए योगेंद्र ने सिर्फ अपनी पढ़ाई की ओर ही ध्यान दिया जिसका परिणाम रहा कि उन्होंने सफलता मिली। शनिवार को सपा नेता ब्रजेश वर्मा 'टिल्लू' ने घर पहुंचकर माता पिता और योगेंद्र कुमार को बधाई दी। इस अवसर सपा नेता विप्र पटेल, सुबोध वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। योगेंद्र की सफलता को लेकर परिजनों के साथ ही क्षेत्र में खुशी की लहर है।

## युवक पर प्राणघातक हमला छह आरोपियों पर केस दर्ज

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली बिलग्राम क्षेत्र के ग्राम पन्यौड़ा में होली मिलने गए युवक पर रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम पन्यौड़ा निवासी अरविंद कुमार ने कोतवाली बिलग्राम में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका सगा भाई सर्वेश कुमार उर्फ कल्लू 5 मार्च की सुबह गांव में राजकुमार के घर होली मिलने गया था। आरोप है कि उसी दौरान लालाराम, रहीस व मसाराम पुत्रगण विश्राम, सत्यम पुत्र मोतीलाल तथा पंकज व मोनू पुत्रगण लालाराम ने राजकुमार के घर में घुसकर सर्वेश पर भाला, तलवार व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। हमले में सर्वेश गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। राजकुमार ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# होली बाद यात्रियों की भीड़, स्टेशन की व्यवस्थाएं फेल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** होली का त्योहार खत्म होने के बाद बड़ी संख्या में लोग अपने काम और पढ़ाई के लिए वापस शहरों की ओर लौट रहे हैं। ऐसे में हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है, लेकिन व्यवस्थाओं के नाम पर यहां हालात बेहद खराब नजर आ रहे हैं। यात्रियों को न तो बैठने के लिए पर्याप्त सीटें मिल पा रही हैं और न ही अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

शुक्रवार देर रात हरदोई रेलवे स्टेशन पर टिकट लेने के लिए यात्रियों की लंबी कतार लग गई। यह कतार इतनी लंबी थी कि स्टेशन परिसर से निकलकर सड़क तक पहुंच गई। दरअसल, अनारक्षित टिकट के लिए उस समय केवल एक ही टिकट काउंटर खुला हुआ था, जबकि स्टेशन पर लगी ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें भी बंद पड़ी थीं। ऐसे में यात्रियों को मजबूरन घंटों लाइन में लगकर टिकट लेना पड़ा। यात्रियों का कहना है कि यह स्थिति कोई नई नहीं है। लगभग हर शाम, खासकर दिल्ली, पंजाब और सहारनपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों के समय स्टेशन पर ऐसी ही भीड़ और लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। इन ट्रेनों के समय दो अनारक्षित टिकट काउंटर और ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनों के संचालन की जरूरत होती है, लेकिन अक्सर यह सुविधाएं उपलब्ध नहीं रहतीं।



हरदोई रेलवे स्टेशन पर टिकट के लिए लगी यात्रियों की भीड़। अमृत विचार

### त्योहार पर भी नजर आई सुरक्षा व्यवस्था

**हरदोई, अमृत विचार।** लंबी कतार के कारण कई यात्रियों की ट्रेन छूट जाने की भी शिकायत सामने आई। वहीं कुछ यात्रियों ने मजबूरी में बिना टिकट ही यात्रा करना बेहतर समझा। यात्रियों का आरोप है कि कई बार इस समस्या की जानकारी रेलवे अधिकारियों को दी गई, लेकिन कर्मचारियों की कमी का हवाला देकर मामला टाल दिया जाता है। इतना ही नहीं, स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था भी न के बराबर नजर आई। त्योहार के बाद भीड़ बढ़ने के बावजूद लंबी लाइन में लगे यात्रियों के बीच रेलवे सुरक्षा बल या जीआरपी का कोई जवान दिखाई नहीं दिया। यात्रियों का कहना है कि भीड़भाड़ के बीच अगर कोई हादसा या विवाद हो जाए तो संभालने वाला कोई नहीं होता। त्योहार के बाद यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि स्टेशन पर टिकट काउंटरों की संख्या बढ़ाई जाए, बंद पड़ी टिकट मशीनों को चालू कराया जाए और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जाए, ताकि यात्रियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# परीक्षा केंद्रों पर हों सभी व्यवस्थाएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में आगामी 14 व 15 मार्च को जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल एवं शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने नामित समस्त सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्टेट से कहा अपने- अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर पेयजल, कुर्सी-मेज, शौचालय एवं सीसी कैमरा आदि व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें और उक्त परीक्षा दो पालियों में कराई जायेगी जिसमें प्रथम पाली प्रातः 10 से 12 बजे तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 03 से 05 बजे तक होगी। उन्होने कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग करायी जाये और उनके बैग आदि सामान सुरक्षित रखने के लिए अलग कमरे की व्यवस्था करायें तथा प्रश्न पत्रों को डबल लाक में रखा जायेगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि अभ्यर्थियों के स्टेशन, बस स्टाप से परीक्षा केन्द्रों तक आने जाने वाले मार्गो पर यातायात व्यवस्था सुगम बनाये तथा परीक्षा केन्द्रों के आस-पास एवं मुख्य-मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस तथा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करायें ताकि अभ्यर्थियों को आने-जाने में दिक्कत न हो। बस स्टेशन व रेलवे स्टेशन पर हेल्प डेस्क बनाया जाये। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सभी सेन्टर पर हेल्थ कैम्प स्थापित करें। ईओं को निर्देशित किया कि रैन बसेरों को सही कर लिया जाये ताकि कोई परीक्षार्थी अगर रात मे रूकता है, तो उसे कोई दिक्कत न हो। सभी होटल संचालकों, व ई रिक्शा चालकों से सम्पर्क कर लिया जाये कि परीक्षार्थियों से ओवर चार्ज न लिया जाये। बैठक में अपर जिला अधिकारी प्रियंका सिंह सभी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सभी समस्त सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्टेट, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम तथा विद्यालयों के केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहें।

## खड़े ट्रक में पीछे से घुसा डाला चालक गंभीर रूप से घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम-कानपुर मार्ग पर शुक्रवार को सड़क हादसे में डाला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पेट्रोल पंप के निकट खड़े ट्रक में पीछे से डाला जा घुसा, जिससे चालक को गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार वीरपाल (26) पुत्र मूलचंद निवासी ग्राम अल्लीगढ़ थाना बिलग्राम डाला वाहन चला रहा था। शुक्रवार को बिलग्राम-कानपुर मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास उसका डाला अचानक आगे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डाले का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक वीरपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर मार्ग पर यातायात सामान्य कराया।

## बिल्डिंग मटेरियल कारोबारी पर किसान ने ट्राली छीनने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में एक दबंग बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी द्वारा एक किसान की ट्राली छीनने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की लिखित शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से की गई है। शिकायतकर्ता रामधारी पुत्र गोकरण निवासी ग्राम नरहाई ने बताया उसने अपना मकान बनवाने के लिए मनोज मिश्रा पुत्र सुरेश चंद्र मिश्रा निवासी मोहल्ला दिलेरगंज से मोरंग सीमेंट खरीदा था। जिसमें 25 हजार उधार किए थे। रामधारी के अनुसार उसकी पत्नी बीमार हो जाने की वजह से वह अपने वादे के अनुसार जून 2025 में भुगतान नहीं कर पाया तो जुलाई में उक्त मनोज मिश्रा ने अपने भाई और बेटों के साथ मिलकर उसके ट्रैक्टर की ट्राली छीन ली और कहा कि रुपए दे जाना तो अपनी ट्राली ले जाना। आरोप है 6 मार्च को रामधारी अपने गांव के रामचंद्र पुत्र मंगू व शिवपाल पुत्र राम भरोसे को साथ लेकर मनोज के उधारी के रुपए देने के लिए गया तो उक्त बिल्डिंग मटेरियल कारोबारी ने कहा कि वह 5% का ब्याज भी लगायेगा तभी ट्राली मिलेगी। इस पर रामधारी ने कहा कि उसका ब्याज तय नहीं था और 9 महीने से उसकी ट्राली छीन ली गई जिससे उसकी खेती का काफी नुकसान हुआ है। वह एक पैसा कमा नहीं पाया। इस पर मनोज और उसके भाई ने गाली गलौज करते हुए उसे जान माल की धमकी दी। पीड़ित रामधारी ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत करते हुए उच्च अधिकारियों से फरियाद की है।

## हेड कांस्टेबल निलंबित ने जीप से कार में मारी टक्कर, निलंबित

**हरदोई।** नशेबाज़ हेड कांस्टेबल ने सरकारी जीप से एक कार में न सिर्फ टक्कर मारी, बल्कि उसे चला रहे युवक से गाली-गलौज भी की। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही एसपी ने मामले की जांच कराई और सारे आरोप सही साबित होने पर उसे निलंबित कर दिया है। बताया गया है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि पैंट और टी-शर्ट पहने शख्स से वीडियो बना रहा युवक कह रहा है कि उसने नशे की हालत में जीप से उसकी कार में टक्कर मारी और उसके बाद गाली-गलौज की, वीडियो कोतवाल को दिखाने की बात पर वह शख्स हाथ जोड़ते हुए आगे बढ़ा, लेकिन नशे में होने पर उस युवक ने बात नहीं की। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी अशोक कुमार मीणा ने जांच कराई, जिसमें आरोप सही साबित हुए।

## मस्जिद हज़रत शेख औलिया में क़ुरआन-ए-पाक का दौर मुकम्मल

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव,

**अमृत विचार।** नगर के हरदोई रोड स्थित मस्जिद हज़रत शेख औलिया में मजलिस का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम हाफ़िज़ अमन द्वारा क़ुरआन-ए-पाक का दौर मुकम्मल करने के उपलक्ष्य में आयोजित था। जिसमें क्षेत्र के नागरिकों व नमाज़ियों ने शिरकत की।

मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना अनस क़मर नदवी ने क़ुरआन-ए-करीम की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क़ुरआन-ए-मजीद अल्लाह की वह मुकद्दस किताब है जो पूरी इंसानियत को जीने का सही रास्ता दिखाती है। आज के दौर में मुसलमानों के लिए यह बेहद ज़रूरी है कि वे क़ुरआन से अपना रिश्ता मज़बूत करें। सिर्फ तिलावत ही नहीं बल्कि उसके अर्थ को समझना व उसकी शिक्षाओं को अपने चरित्र में ढालना समय की मांग है। समापन मौलाना अनस क़मर नदवी की दुआ के साथ हुआ। इसमें देश व समाज की सलामती, क्षेत्र में अमन-ओ-अमान, खुशहाली व उम्मत-ए-मुस्लिम की भलाई के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान पूर्व चेयरमैन इज़हार खान गुड्डू, हाफ़िज़ मोहम्मद फिरोज़ खान, मास्टर अब्दुल माबूद, हाजी मुन्ना, आदिल अहमद, आरिफ अंसारी, ज़ियाउर रहमान अंसारी, मुनारे प्रधान आदि मौजूद रहे।

# राजस्व निरीक्षक के बेटे ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर की खुदकुशी

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** प्रतियोगी परीक्षा में असफलता मिलने से अवसादग्रस्त युवक ने जहरीला पदार्थ निगलकर जान दे दी। उसकी मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा है।

बता दें कि सफीपुर कस्बा के मोहल्ला सराय सूबेदार निवासी विजय श्रीवास्तव हसनगंज तहसील में राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) हैं। उनका बड़ा बेटा सलिल श्रीवास्तव उर्फ अमन (28) बीएड, टेट व सीटेट की पढाई कर दो साल से नौकरी की तलाश में था। उसने बीते माह जूनियर असिस्टेंट स्टेनोग्राफर की परीक्षा उत्तीर्ण कर टाइपिंग की परीक्षा दी थी। लेकिन 5 दिन पूर्व आए टाइपिंग के परिणाम में उसे निराशा हाथ लगी। परिजनों ने बताया कि मामूली अंकों से असफल होने के बाद अमन अवसाद में आकर गुमसुम रहने लगा। होली के एक दिन बाद गुरुवार रात उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर उसे पहले सफीपुर सीएचसी फिर जिला अस्पताल फिर वहां से डाक्टर ने कानपुर उर्सला रेफर किया था। जहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कानपुर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मां कंचन व प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने वाले छोटे भाई आयरन का रो-रोकर बुरा हाल रहा। हसनगंज एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय, तहसीलदार अविनाश कुमार, नायब तहसीलदार दीपक गौतम व सह कर्मियों ने आवास पहुंच परिजनों का ढांढस बधाया।



सलिल का फाइल फोटो।

- प्रतियोगी परीक्षा में असफल होने के बाद उठाया आत्मघाती कदम

### वृद्ध की मौत, जहर निगलने की चर्चा

**उन्नाव, अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र के जारुल्ला नगर गांव निवासी बेचेलाल (60) पुत्र स्व. सीताराम की शनिवार शाम घर पर अचानक हालत बिगड़ गई। उसे उल्टियां करता देख परिजन मियागंज सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसके जहरीला पदार्थ निगलने की आशंका जता प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस पर परिजन शव लेकर घर लौट गए। उसके 5 बच्चों में बेटियां सुनीता, सोने श्री, सुमन, गोल्डी व बेटा अनूप हैं। सभी की शादी हो गई है। पति की मौत से पत्नी फूल कुमारी बेहाल है। एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।

## रसोई गैस के दाम में वृद्धि से गृहणियों का बजट बिगड़ा

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत अचानक 60 रुपये बढ़ने से मध्यम व निम्न आय वर्ग के परिवारों की कमर टूट गई है। महिलाओं ने इस वृद्धि पर रोष जताते हुए सरकार से सवाल किया कि आखिर यह महंगाई कब थमेगी।

गौरतलब है कि 6 मार्च तक घरेलू सिलेंडर की कीमत 889 रुपये थी। लेकिन 7 मार्च से प्रभावी हुई नई दरों के बाद अब उपभोक्ताओं को एक सिलेंडर के लिए 949 रुपये देने होंगे। वहीं, कामर्शियल गैस सिलेंडर पर भी 115 रुपये की वृद्धि हुई है। गृहणी विमला देवी ने कहा कि पहले गैस सस्ती थी तो खाना बनाना आसान था लेकिन अब सिलेंडर भरवाना जेब पर भारी पड़ रहा है। अगर यही हाल रहा तो हमें फिर से पुराने चूल्हे व लकड़ियों की ओर लौटना पड़ेगा। गृहणी आरती ने कहा कि जिस रफ्तार से गैस के दाम बढ़ रहे हैं उस तुलना में मजदूरी व आय में वृद्धि नहीं हो रही है। खाद्य पदार्थों व सब्जियों के बढ़ते दामों के बीच गैस की यह महंगाई कोढ़ में खाज जैसी स्थिति पैदा कर रही है। सरकार की महत्वाकांक्षी उज्ज्वला योजना के तहत जिन गरीब परिवारों को मुफ्त कनेक्शन दिए गए थे उनके सामने अब सबसे बड़ा संकट खड़ा हो गया है। सिलेंडर तो घर में है लेकिन उसे दोबारा भरवाने के लिए पैसे जुटाना मुश्किल हो रहा है।

आयोजन

श्री विश्वंभर दयालु त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस शिविर का शुभारंभ

# युवाओं में सेवा भावना विकसित करता है एनएसएस

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** रसूलपुर रूरी स्थित श्री विश्वंभर दयालु त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई शक्ति के 7 दिवसीय शिविर का शुभारंभ गांव मटुकरी में हुआ। इसका शुभारंभ ग्राम प्रधान आईआर साहिल व प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त दुबे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने सरस्वती वंदना व एनएसएस गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को सेवामय बना दिया। प्रधान आईआर साहिल ने स्वयं सेवकों से कहा कि एनएसएस युवाओं में केवल सेवा भावना ही नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन व राष्ट्र निर्माण के प्रति अटूट समर्पण विकसित करता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे इस 7 दिवसीय शिविर के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जन-जागरूकता का संदेश घर-घर तक पहुंचाएं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कुलदीप शुक्ला ने शिविर की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की और आगामी 7 दिनों में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उद्घाटन सत्र के बाद स्वयं सेवकों ने स्वच्छ भारत का संकल्प लेते हुए महाविद्यालय परिसर व आसपास क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया।

स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को गंदगी से होने वाली बीमारियों व पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त दुबे व डॉ. नलिन सिंह ने छात्रों को समाज सेवा के वास्तविक अर्थ समझाए। इसमें डॉ. नवनीत कौर, डॉ. अनुराग रावत, अमित प्रजापति, प्राथमिक पाठशाला के कार्यवाहक प्रधानाध्यापक शिव सिंधु गुप्ता, सुरक्षा कर्मी योगेंद्र सिंह आदि रहे।




कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते अतिथि। अमृत विचार

# कार्यक्रम में बच्चों का हुआ सम्मान

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बीघापुर में ब्लाक स्तरीय हमारे आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम के तहत बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें निपुण बच्चे अभियान के तहत सफल बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि तहसीलदार गणेश प्रसाद ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा ही बच्चों की नींव है। अच्छी नींव पड़ने से ही छात्रों का भविष्य सुंदर होता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन विकास खंड बीघापुर में बेहतर तरीके से हो रहा है। इसके परिणाम भी अच्छे आ रहे हैं। बच्चों का नामांकन बढ़ाना इसका प्रतीक है कि सरकारी योजनाएं सार्थक रूप से क्रियान्वित हुई हैं। खंड शिक्षाधिकारी शुचि गुप्ता ने कहा कि विकासखंड के शिक्षकों के प्रयासों से ही शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तन आया है। कहा कि अच्छी शिक्षा से अच्छे बच्चे तैयार होते हैं। सीपीडीओ निशि श्रीवास्तव ने कहा कि हर विद्यालय में समय-समय पर सरकार की मंशानुरूप बच्चों को शिक्षित करने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। इसमें एआरपी अर्चना सिंह, योगेश कुमार, मनीषा अवस्थी, पवन सिंह, नेहा साहू, वन्दना सिंह, राजेन्द्र बाबू, रजनीश, प्रभाकर दीक्षित रहे। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने किया।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व अन्य लोग। अमृत विचार

### छज्जा के साथ नीचे गिरा वृद्ध, हुई मौत

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी पप्पू उर्फ राम अवतार (60) शुक्रवार रात अपने घर की दूसरी मंजिल पर सोने गए थे। शनिवार सुबह उन्हें अचानक उल्टी का अहसास हुआ। इस पर वह छत के किनारे बने छज्जे पर गए थे। तभी छज्जे का कुछ हिस्सा अचानक भर भराकर गिर गया। इससे वह करीब 20 फीट की ऊंचाई से नीचे खड़ंजे में गिरकर गंभीर घायल हो गये। परिजन उन्हें अस्पताल ले जाते उससे पहले उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक उनकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। पिता की मौत से बेटे पंकज व शोभित बेहाल रहे। शनिवार दोपहर बाद परिजनों ने नानामऊ गंगाघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

**मुकद्दस रमज़ान**



- 18वां रोज़ा–
- अफ्तार–रविवार 6:14 बजे
- 19वां रोज़ा–
- सहरी–सोमवार 5:08 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

### बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के अनंगपुर मंडल अंतर्गत कमालपुर गांव में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन पहुंचे। यहां उन्होंने निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र प्रताप सिंह के आवास पर पार्टी के बूथ अध्यक्षों, सेक्टर संयोजकों और शक्ति केंद्र प्रभारियों से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष ने पार्टी की गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

### बेकाबू रफ्तार की चपेट में आए बुज़ुर्ग की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बेकाबू रफ्तार की चपेट में आए बाइक सवार बुज़ुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्नाव जिले के धमियाना थाना औरास निवासी मुन्नीलाल (68) शुक्रवार की शाम एक रिश्तेदार के साथ बाइक से कासिमपुर थाने के गौसापुर जा रहा था। उसी बीच रास्ते में गौसापुर पुल के पास बेकाबू रफ्तार की गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। उन्हे सीएचसी सण्डीला पहुंचाया गया, जहां से मुन्नीलाल को लखनऊ रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# हेड कांस्टेबल के सामने हॉस्पिटल के डॉक्टर की पिटाई

## दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित डॉक्टर से पैसों को लेकर विवाद में वारदात को दिया अंजाम

संवाददाता, हरदोई

- **मेडिकल कॉलेज आने वाले मरीजों को झांसे में लेकर निजी अस्पतालों में भर्ती कराता है आरोपी**

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज में मरीजों की दलाली का कथित खेल अब खुलकर सामने आ गया है। शुक्रवार देर रात कोतवाली देहात के लखनऊ रोड स्थित एक निजी हॉस्पिटल के बाहर जो कुछ हुआ, उसने पुलिस के रवैए पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हास्पिटल के संचालक डॉ. विजय पाल को जमकर पीटा गया। हैरान करने वाली बात है कि सारा कुछ मेडिकल कालेज पुलिस बूथ पर तैनात हेड कांस्टेबल विनोद यादव की आंखों के सामने हुआ। सरेआम डाक्टर से मारपीट का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

हास्पिटल डॉ. विजय पाल का आरोप है कि मेडिकल कॉलेज आने वाले मरीजों को फुसलाकर निजी हास्पिटल में भर्ती कराने की दलाली करने वाला शिवा सिंह उर्फ शिवांजय पहले उनके हास्पिटल के लिए काम करता था।करीब एक महीने पहले उन्होंने उसे सवा लाख रुपये उधार दिए थे। शुक्रवार रात जब उन्होंने उससे पैसे वापस मांगे तो वह भड़क उठा,कुछ ही देर में वह स्कॉर्पियो से अपने साथी शिवा गुप्ता,राजीव समेत 4-5 लोगों के साथ हास्पिटल पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने डंडों से हमला कर दिया और कथित तौर पर तमंचा लहराकर धमकाने की भी कोशिश की, इस बीच हास्पिटल के कर्मचारियों और मरीजों के तीमारदार वीडियो बनाने लगे,तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। हैरान करने वाला सवाल यह है कि सारा बवाल पुलिस बूथ पर तैनात हेड कांस्टेबल विनोद यादव के सामने हुआ, लेकिन इसके बावजूद न तो कोई एक्शन लिया गया और न ही इस बाबत पुलिस को कोई सूचना दी गई।

### लोग बोले...शिवा की तरफदार है पुलिस

निजी हास्पिटल में बवाल करने के मामले में लोगों का कहना है कि शिवा सिंह पहले भी कई बार मारपीट और दबंगई में शामिल रहा है, उसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, लेकिन हर बार पुलिस उसकी तरफदार बनी दिखाई दी, इसी वजह है कि उसका हौसला इतना बढ़ चुका है कि अब वह खुलेआम गुंडई कर रहा है और पुलिस उसके सामने बोलने तक की हिम्मत नहीं जुटा पा रही हैं।

### दलालों से है पुलिस की दोस्ती

निजी हास्पिटल में डाक्टर की पिटाई होने के मामले में इलाके में एक चर्चा बड़ी तेज़ी से हो रही है कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों की दलाली का यह पूरा नेटवर्क पुलिस की दिल्लगी से बेरोक-टोंक फल-फूल रहा है। लोगों का सवाल है कि आखिर कब तक दलालों की ऐसी हरकतों पर पुलिस की खामोशी बनी रहेगी।

### दबंग आरोपी ने भी लगाया आरोप

निजी हास्पिटल के संचालक की पिटाई के आरोपी शिवांजय सिंह ने भी पुलिस को तहरीर देते हुए संचालक पर गाली-गलौज करते हुए धमकाने का आरोप लगाया है। कहा कि शुक्रवार की शाम को वह नानकगंज झाला पर ढाबे पर खाना खा रहा था,उसी बीच संचालक नशे की हालत में उसे गाली-गलौज करने लगा,विरोध करने पर धमकाया।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने दिवंगत राहुल सिंह को दी श्रद्धांजलि

**भरखनी, हरदोई।** भाजपा के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन शनिवार को पार्टी नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह के लुदियापुर स्थित आवास पहुंचे। यहां उन्होंने श्याम सिंह के दिवंगत पुत्र राहुल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर पार्टी के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जैनेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई कार्यकर्ता व स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने दिवंगत राहुल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# लापता छात्रा का शव नदी से बरामद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गोताखोरों ने गंगा नदी के कुसुमखोर पुल के किनारे साइकिल, दुपट्टा और चप्पलें छोड़ कर गुम हुई छात्रा का शव तकरीबन 7 घंटे बाद गंगा नदी से बरामद किया। पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।



वंदना की फाइल फोटो।

अरवल थाने के मंसूरापुर निवासी गुड्डू की पुत्री वंदना (16) जनता इण्टर कालेज पुरसौली में 9वीं की छात्रा थी। वंदना शुक्रवार को साइकिल लेकर घर से निकली और वापस नहीं लौटी थी। उसी बीच पता चला कि वंदना की साइकिल,दुपट्टा और उसकी चप्पलें गंगा नदी के कुसुमखोर पुल के पास पड़ी हुईं है। गोताखोरों ने तकरीबन 7 घंटे बाद उसका शव तीन किलोमीटर दूर बिराहिमपुर के पास से बरामद किया गया। वंदना ने नदी में कूद कर आत्महत्या की, घर वाले फिलहाल इस बात को नहीं मान रहें हैं, कुछ का मानना है कि उसके साथ कोई अनहोनी हुई,पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

### गर्रा नदी में डूबा छात्र, शव निकाला गया

**हरदोई, अमृत विचार।** आईटीआई का छात्र अपने दोस्तों के साथ गर्रा नदी में नहाने पहुंचा,जहां गहराई में जाने से वह डूब गया,दोस्तों के चीखने-चिल्लाने पर भीड़ दौड़ पड़ी,शाम को बुलाए गए गोताखोरों ने देर शाम उसका शव ढूंढ कर नदी से बाहर निकाला। पुलिस जांच कर रही है। लोनार थाने के मलवा अखवेलपुर निवासी शैलेंद्र सिंह का 20 वर्षीय पुत्र लकी सिंह आईटीआई का छात्र था। शुक्रवार की दोपहर लकी अपने कुछ दोस्तों के साथ गांव के पश्चिम गर्रा नदी में नहाने गया हुआ था। सारे दोस्त नदी में पूरी मस्ती से छपाक-छई करने लगे,उसी बीच लकी को डूबते हुए देख उसके दोस्त चीखने-चिल्लाने लगे,शोर सुन कर वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद उसका कुछ पता नहीं चल सका,उसके बाद गोताखोरों की मदद ली गई,तब कहीं देर शाम को लकी का शव नदी से बाहर निकाला गया। इसका पता होने पर उसके घर में कोहराम बरपा हो गया। उसके भाई और इकलौती बहन का रो-रो कर बुरा हाल है।

### जांच में झूठी निकली महिला से लूट की बात

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहाई निवासी वृद्ध महिला द्वारा बैंक के बाहर हुई छिनैती की घटना पुलिस जांच में झूठी पाई गयी। महिला ने 20 हजार नहीं बल्कि केवल 14 हजार रुपये ही बैंक से निकाले थे और 12 हजार रुपये उसने घर पर दिए थे। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहाई निवासी रामश्री पत्नी सूरजपाल कुशवाहा ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया था उसने स्टेट बैंक अपने खाते से बीस हजार निकाले और बैंक के बाहर बरामदे में बैठकर रुपये गिन रही थी। तभी नकाबपोश अज्ञात लुटेरे ने झपट्टा मारकर एक हाथ के आठ हजार रुपये छीन लिए और फरार हो गया। दो हजार रुपये उसके रास्ते में गहीं गिर गए थे।

# 10:30 बजे तक डॉक्टर रहे नदारद

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलग्राम की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे तक अस्पताल के किसी भी कक्ष में डॉक्टर मौजूद नहीं मिले, जिससे इलाज कराने आए मरीजों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। कई मरीज पर्चा बनवाने के बाद भी डॉक्टरों के न मिलने से भटकते नजर आए।

लोगों ने बताया कि ओपीडी से लेकर इमरजेंसी वार्ड तक कई जगह डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं थे और कई कुर्सियां खाली पड़ी थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इमरजेंसी में अक्सर फार्मासिस्ट ही बैठे रहते हैं, जबकि डॉक्टर मौजूद नहीं रहते। अस्पताल में बीपी जांच की मशीन भी अक्सर खराब रहती है, जिसके कारण मरीजों की जांच सही समय पर नहीं हो पाती। इलाज कराने आए मरीज रामकिशोर और ममता ने बताया कि वे करीब 30 मिनट से पर्चा बनवाकर डॉक्टर के कक्ष के बाहर खड़े हैं, लेकिन अभी तक कोई चिकित्सक नहीं आया। वहीं तीमारदार संतोष ने आरोप लगाया कि कुछ चिकित्सक मरीजों को बाहर की दवाइयां लिख देते हैं, जिससे गरीब मरीजों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसी लापरवाहियों से लोगों में नाराजगी है और उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से व्यवस्था सुधारने की मांग की है।





खाली पड़ी चिकित्सक की कुर्सी व बंद पड़ा कार्यालय। अमृत विचार

# ऑटो चालक को मिला 38.5 करोड़ के लेन-देन का इनकम टैक्स नोटिस

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

- **मोबाइल खोने के बाद आधार व पैन का किया गया दुरुपयोग**
- **एक बीघा खेत व दिल्ली में ऑटो चलता है अतरौली का रामपाल**

**अमृत विचार।** अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम गंजहाखेड़ा मजरा कुकुरा के एक आटो चालक को इनकम टैक्स विभाग से 38.5 करोड़ रुपये का लेन-देन करने और उसका आयकर रिटर्न न भरने का नोटिस मिला तो उसके होश उड़ गये। उसने वकील के माध्यम से जानकारी करायी तो पता चला कि उसके आधार कार्ड पैन कार्ड और फोटो का दुरुपयोग किया गया है।

गंजहाखेड़ा निवासी 52 वर्षीय रामपाल के अनुसार 3 वर्ष पहले मेरी मां कि निधन हो गया था। तभी दिल्ली में गाड़ी बुक करने के लिए मोबाइल पर बात कर रहा था। उसी समय मोबाइल कान से छिन गया था। मोबाइल में पैन कार्ड, आधार कार्ड फोटो थीं। कुछ दिन पहले गांव के टेलर रजनीश को डाकिया एक चिट्ठी दे गया। टेलर ने चिट्ठी मुझको भेजा तब देखा कि वह 38.5 करोड़ रुपये का लेन-देन करने और उसका इनकम टैक्स रिटर्न न भरने की नोटिस आयकर विभाग से थी। रामपाल ने हाई कोर्ट के वकील को दिखाया तो उन्होंने पैन कार्ड से डिटेल निकलवाई तो पता चला कि सत्र 2023-24 में 7.5 करोड़ और सत्र 2024-25 में 31 करोड़ का लेनदेन हुआ है। रामपाल को यह पता ही नहीं चला और उसके पैन कार्ड से 38.5 करोड़ का लेनदेन किया गया है। अब इनकम टैक्स ने आयकर रिटर्न न भरने की नोटिस दी है। दिल्ली में 15 वर्षों से रामपाल अपनी पत्नी रामलली के साथ रहकर ई रिक्शा चलाता है। और पत्नी घरों में झाड़ू पोंछा करती है। गांव में उसके पास एक बीघा खेत है जिस पर किसानी होती है।

### मस्जिद उमर में कुरआन मुकम्मल, मांगी गई दुआ

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर स्थित मस्जिद उमर में शुक्रवार को रमजान की 16वीं तारीख को कुरआन शरीफ मुकम्मल होने पर खास दुआ का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर अल्लाह से रहमत व बरकत की दुआ मांगी। मस्जिद में कुरआन शरीफ मौलाना उसामा द्वारा पढ़ाया गया। दुआ से पहले मुफ्ती असद ने रमजान की अहमियत, बरकत और रहमत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र और नेक अमल का महीना है। इस पवित्र महीने में मुसलमानों को अल्लाह की इबादत ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए

# मशीन में फंसकर युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली देहात के पंडित पुरवा में फैक्ट्री की पेपर कप मशीन में फंसकर युवक की मौत हो गई। इस तरह का हादसा शुक्रवार की रात को होना बताया जा रहा है।

कोतवाली देहात के बढ़ैइनपुरवा मजरा अनंग बेहटा निवासी 20 वर्षीय रेहान खान उसी ग्राम पंचायत के मजरा पंडित पुरवा में मोहम्मद आसिफ की फैक्ट्री में चाय और कॉफी के पेपर कप बनाए जाते हैं। रेहान के पिता आलम खान ने बताया कि रेहान अपने बड़े भाई साहिल के साथ आसिफ की फैक्ट्री में काम करता था। शुक्रवार की रात फैक्ट्री मालिक आसिफ और रेहान काम कर रहे थे। इसके बाद आसिफ नमाज पढ़ने चला गया,रेहान अकेले ही मशीन से पेपर कप बना रहा था,उसी बीच रेहान मशीन की चपेट में फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ देर के बाद जब आसिफ पहुंचा,वहां फैक्ट्री का गेट बंद देख कर रेहान को आवाज़ लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। आसिफ दूसरे दरवाज़े से फैक्ट्री के अंदर पहुंचा, वहां पेपर मशीन के पास रेहान का शव पड़ा था, आसिफ ने तुरंत ही रेहान के घर वालों को सूचना दी। पुलिस के साथ वहां पहुंची फ़ोरेंसिक टीम जांच कर रही है।





घटनास्थल पर जांच करती पुलिस व मृतक की फाइल फोटो।

### चुनावी गतिविधियां तेज करने पर दिया जोर

**हरदोई, अमृत विचार।** सपा की मासिक बैठक शनिवार को पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज करने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि 2027 में सभी पार्टीजन एक जुट होकर पीडीए की सरकार बनाएंगे। बैठक को मुख्य रूप से पूर्व विधायक अनिल वर्मा, पूर्व सांसद उषा वर्मा, पूर्व प्रत्याशी पदमराग सिंह यादव पम्मू ने संबोधित किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल, अमित बाजपेई, रहमत अली, राहुल गुप्त, अलंकार सिंह, जिला महासचिव चंद्रशेखर पाल, जिला सचिव सोनू त्रिपाठी, डॉ. धनपाल यादव मौजूद रहे।



निरीक्षण करतीं सीडीओ सौम्या छाबड़ा। अमृत विचार

### सीडीओ ने ब्लॉक का निरीक्षण किया

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शनिवार को तहसील दिवस के बाद सीडीओ सान्या छाबड़ा ने ब्लॉक का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए। सीडीओ ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने ब्लॉक में बने सभी पटलों का निरीक्षण किया। ब्लॉक परिसर, पटल के विभाजन, ग्रामीण पेयजल योजना और ब्लॉक द्वारा संचालित ग्रामीण योजनाओं का निरीक्षण किया गया। जनमानस द्वारा आई शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किये जाने का भी निरीक्षण किया गया है। फिलहाल सब ठीक पाया गया जहां पर कमियां पाई गयी हैं। बीडीओ संबंधित एडीओ को एक सप्ताह में उन कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, बीडीओ दिनेश शर्मा, एडीओ पंचायत जितेंद्र तोमर, ब्लॉक के सभी सेक्रेटरी और स्टॉफ उपस्थित रहे।

# समाज निर्माण में शिक्षक महत्वपूर्ण : अलका

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सण्डीला शाखा की ओर से ब्लॉक सभागार में शिक्षक उन्नयन गोष्ठी एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सण्डीला की विधायक अलका सिंह अर्कवंशी उपस्थित रहीं। साथ ही उपजिलाधिकारी/जॉइंट मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया तथा खण्ड विकास अधिकारी निधि राठौर भी उपस्थित रहीं. इसके अलावा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुंवर वीरेंद्र सिंह राजा मल्हेरा आदि मौजूद रहे।



विधायक अलका को स्मृति चिन्ह देते शिक्षक। अमृत विचार

- **शिक्षक उन्नयन गोष्ठी व होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन**

अतिथियों ने शिक्षक उन्नयन गोष्ठी की सराहना करते हुए शिक्षकों की भूमिका को समाज निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने भी उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ पुष्पों की होली खेलकर सौहार्द और अपनत्व का संदेश दिया तथा अपने जमीन से जुड़े नेतृत्व का परिचय दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. ब्रजेश त्रिपाठी का विशेष योगदान रहा। आयोजन में उ.प्र. प्रा.शि. संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार बाजपेई, तहसील अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मो. हारुन, महिला उपाध्यक्ष साधना व हिमानी, मंच संचालिका प्रियंका जायसवाल, ब्लॉक मंत्री शैलेन्द्र मौर्य,सहित समस्त एआरपी एवं तहसील सण्डीला के विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारियों ने सहयोग किया।

# प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है होली का पर्व : रीता कौशिक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला जज रीता कौशिक ने कहा की होली का त्योहार प्रेम और सौहार्द का प्रतीक होता है। एक दूसरे के गले मिलकर इस दिन गिला शिकवा मिटाते हैं और आपसी प्रेम और भाईचारा की मिसाल कायम करते हैं।

अधिवक्ता संघ परिसर में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष जेपी त्रिवेदी की अध्यक्षता में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला जज रीता कौशिक ने सभी अधिवक्ताओं को होली की शुभकामनाएं दी। कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आपसी सौहार्द बना रहता है। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय महेंद्र नाथ और पीठासीन अधिकारी विशंभर प्रसाद ने होली की शुभकामनाएं देकर आयोजन की प्रशंसा की। पूर्व अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह गौर, उदयवीर सिंह भदोरिया, सुरेश पाल सिंह, अमर सिंह, सूरजपाल, महामंत्री पंकज कुमार सिंह सोमवंशी, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी आदि विचार रखे संचालन सचिन सिंह ने किया। समारोह में अपर जिला जज कुसुम लता, यशपाल, भूपेंद्र प्रताप, सचिव प्राधिकरण काव्या सिंह, सीजेएम रिचा वर्मा, अर्शी नूर, कीर्ति सिंह, साक्षी चौधरी, लवलेश कुमार, कुमार आशीष, विशाल दिक्षित आदि न्यायाधीश रहे।

**आयोजन** | **तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं**

# शिकायतों का निस्तारण निष्पक्षता व समय सीमा में हो

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** तहसील सदर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में आयोजित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी शासन, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना समाधान दिवस एवं जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निष्पक्ष, गुणवत्ता परक व निर्धारित समय सीमा में करें और शिकायत निस्तारण की जानकारी फरियादी को भी उपलब्ध करायें। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि ईद एवं अन्य आने वाले त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सर्तकता बरते और भ्रमणशील रहते हुए आम जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने के लिए आसामाजिक एवं आराजक तत्वों पर विशेष नजर रखें। इस मौके पर सीएमओ भावनाथ पाण्डे, डीएफओ, पीडी अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, बीडीओ, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष एवं फरियादी आदि उपस्थित रहे।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनते डीएम अनुनय झा।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में शनिवार को संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने की। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित 55 शिकायतें आई। जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया।

संडीला संवाददाता के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने की। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए, ताकि लोगों को वास्तविक राहत मिल सके।

# जानलेवा हमले में घायल की मौत

संवाददाता, हरदोई

- **हमले के 72वें दिन बाद हुई अधेड़ की मौत**
- **बाज़ार से लौटने के दौरान रास्ते में हुआ था हमला**

**अमृत विचार।** बाजार से लौटते समय काश्तकार पर जानलेवा हमला किया गया।उसे बेहोशी की हालत में सीएचसी से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया,वहीं से इलाज हुआ। लेकिन होश नहीं आया। घर वाले उसे गांव उठा लाए। जहां शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई।



लल्लू सिंह की फाइल फोटो।

शाहाबाद कोतवाली के गहोरा निवासी लल्लू सिंह (48) पुत्र कोमिल प्रसाद काश्तकार था। पिछले साल 18 दिसंबर को वह आगमपुर की बाज़ार गया था,वहां से लौटते हुए कुइयां गेट के पास अज्ञात ने सिर पर हमला कर दिया। लल्लू सिंह वहीं पर लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ देखा गया। पुत्र यशवीर सिंह ने बताया कि पिता का इलाज लखनऊ में भी कराया गया लेकिन होश नहीं आया। बकौल यशवीर पैसों का बंदोबस्त नहीं हो सका तो वह 3 जनवरी को घर ले आया। लेकिन इलाज चल रहा था। शनिवार की सुबह हालत बिगड़ने पर वह सीएचसी शाहाबाद ले जा रहा था। उसी बीच मौत हो गई। लल्लू सिंह के परिवार में पत्नी प्रेमवती के अलावा इकलौता बेटा यशवीर और चार बेटियां हैं। उसमें से अभी किसी की शादी नहीं हुई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे कुछ कहा जा सकता है।

### अपनों के इर्द-गिर्द घूम रही है शक की सुई

लल्लू सिंह पर हमला करने वाले लोग कौन हैं? इस बारे में उसके पुत्र यशवीर का कहना है कि उसने 30 दिसंबर को अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी, उसने बताया कि उसके अपने गांव की रामबेटी की कुछ जमीन पर कब्ज़ा किए हुए थे, वही जमीन उसके पिता ने रामबेटी से खरीद ली थी। उसके बाद से उन्ही अपनों से उसके पिता का तनाव हो गया था। उसका कहना है कि उसके पिता के ऊपर किया गया हमला उसी तनाव की कड़ी हो सकती है।

# छह साल से बिजली के तारों ने नहीं दी रोशनी

## संपूर्ण समाधान दिवस: बिसवां तहसील में डीएम से मिले शेखनपुरवा के मजरा अहमदाबाद गांव के लोग

- अन्य तहसीलों पर भी हुए आयोजन, राजस्व और आपूर्ति विभाग के आए मामले

अमृत विचार टीम, सीतापुर

**अमृत विचार:** डीएम साहब ! गांव के एक सैकड़ा परिवार पिछले छह साल से बिजली न आने के कारण परेशान हैं। इस समस्या को हल करने के लिए हम सब ऊर्जा मंत्री के दफ्तर तक दौड़ लगा चुके हैं। हालात ये हैं कि बच्चों की पढ़ाई और आमजन के सेहत दोनों पर असर पड़ रहा है।

ये गुहार संपूर्ण समाधान दिवस पर बिसवां तहसील में इलाके के शेखनपुरवा के मजरा अहमदाबाद निवासी पूर्व प्रधान रामकुमार वर्मा और उसके साथ आए ग्रामीणों ने डीएम राजा गणपति आर. से शिकायती पत्र देते हुए साझा की। ग्रामीणों के मुताबिक, छह साल पहले गांव में ट्रांसफार्मर, खंभे और तार तो लग गए। लेकिन सप्लाई बाधित रही, जिला मुख्यालय से लेकर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से भी मुलाकात की जा चुकी। जनहित मुद्दे को डीएम ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल विद्युत विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथों लिया और सख्त निर्देश दिए। कहा काम में लापरवाही पर कार्रवाई होगी। तीन घंटे तक समाधान दिवस में शामिल डीएम के साथ एसपी अंकुर अग्रवाल आदि मौजूद थे।

**पारदर्शिता दिखाई फिर भी सुनवाई नहीं:** सदर तहसील में समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम धामिनी एस दास ने की। खैराबाद के तुलसीपुर मजरा परसेहरा निवासी देवेन्द्र कुमार ने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि पुत्र अवनीश लखनऊ में रहकर अपनी आजीविका चला रहा है। ऐसे में राशन कार्ड में अवनीश का नाम हटाने के लिए दर्जनों पर आपूर्ति विभाग को प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है।

**एसडीएम का आदेश भी नहीं मान रहे दबंग:** गोविंदापुर निवासी जुनेद अहमद ने बताया कि दबंगों ने उनकी जमीन पर जबरन गन्ना बो दिया। तब जबकि एसडीएम बिसवां द्वारा कब्जा मुक्त कराने को लेकर आदेश भी दिया जा चुका है। जुनेद द्वारा जान-माल की सुरक्षा व जमीन मुक्त कराने की गुहार लगाई गई।

**नगरपालिका सीतापुर की नोटिस भी बेअसर:** शहर के मोहल्ला बुद्धनगर से जगदेई के पुत्र मयकू एसडीएम सदर से मिले। दावा करते हुए कहा कि एक दबंग ने सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा कर लिया है। इसकी जांच नगर पालिका द्वारा की जा चुकी है। जिसमे कब्जे को अवैद्य माना गया है। नगर पालिका द्वारा दी गई नोटिस के बाद भी मार्ग मुक्त नहीं हो सका है।

**बिसवां में 76 में 12 का मौके पर निस्तारण:** बिसवां में कुल 76 शिकायतों में से 12 का मौके पर ही निपटारा किया गया। बाकी अन्य तहसीलों में जिसमें सदर तहसील में 29 में से 5 शिकायतें निस्तारित, मिश्रिख में 21 में से 4 निस्तारित, सिधौली में 29 में से 6 निस्तारित, महमूदाबाद में 21 में से 4 निस्तारित, महोली में 22 में से 3 निस्तारित, लहरपुर में 28 में से 3 शिकायतें निस्तारित की गई हैं।



संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते डीएम और एसपी। अमृत विचार



लहरपुर तहसील में समस्याएं सुनतीं एसडीम लहरपुर। अमृत विचार



रामकुमार वर्मा।



देवेंद्र कुमार।



मयकू। अमृत विचार



सीएचसी का निरीक्षण कर जानकारी लेते डीएम राजा गणपति आर। अमृत विचार

## डीएम के औचक निरीक्षण में स्वास्थ्य केंद्र की खुली पोल, कटा वेतन

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर जहांगीराबाद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बदहाली और लापरवाही देख जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया।

प्रसव कक्ष में मिली अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने अनुपस्थित मिली स्टाफ नर्स और चिकित्सक का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं, फार्मासिस्ट द्वारा दवाओं का रिकॉर्ड और रखरखाव सही न मिलने पर डीएम ने उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ ही एक दिन का वेतन काटने को कहा। व्यवस्थाओं में भारी चूक मिलने पर जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी बिसवां का स्पष्टीकरण तलब किया है। कहा काम में लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। निरीक्षण के समय सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**रोजा**

शिया
सहरी : 04.54 बजे
अफ्तार : 06.24 बजे

सुन्नी
सहरी : 05.01 बजे
अफ्तार : 06.14 बजे

**न्यूज ब्रीफ**

### भारत-अमेरिका कृषि समझौता किसानों के लिए घातक: सिद्धू

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने भारत-अमेरिका कृषि समझौते पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि इसके दुष्परिणाम अब सामने आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि इस समझौते के कारण भारतीय किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सिद्धू ने मध्य प्रदेश की उज्जैन मंडी का हवाला देते हुए बताया कि वहां गेहूं की बोली महज 2125 रुपये या आपके द्वारा उल्लेखित भाव के प्रति क्विंटल तक लग रही है, जबकि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी 2585 रुपये है। उन्होंने कहा कि एमएसपी फिलहाल सिर्फ कागजों तक सीमित है और किसान अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं। केंद्र सरकार तत्काल एमएसपी गारंटी कानून लागू करे। सभी मंडियों में सरकारी क्रय केंद्र सक्रिय किए जाएं ताकि किसान इसका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। सरकारी रेट से कम पर फसल की खरीद को अपराध माना जाए। कहा कि जल्द ही संयुक्त किसान मोर्चा बड़ा आंदोलन छेड़ेगा।

### बिना स्वीकृत ले-आउट प्लॉट बेचे तो कार्रवाई

**सीतापुर, अमृत विचार :** नगर मजिस्ट्रेट/ नियत प्राधिकारी (विनियमित क्षेत्र) मीनाक्षी पाण्डेय ने अवैध कॉलोनियों और बिना नक्शा पास कराए प्लॉट बेचने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि विनियमित क्षेत्र में बिना स्वीकृत ले-आउट या फर्जी नक्शों के आधार पर भूखंडों की बिक्री करना नियम विरुद्ध है। नगर मजिस्ट्रेट ने सभी भू-विक्रेताओं और डेवलपर्स को निर्देशित किया है कि वे मौके पर ग्राम का नाम, गाटा संख्या, धारा-80 की स्थिति और स्वीकृत ले-आउट का आदेश नंबर व दिनांक स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आम जनता से अपील की गई है कि किसी भी विवाद या धोखाधड़ी से बचने के लिए प्लॉट खरीदने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति व ले-आउट की जांच कर लें।

### श्री राधा-कृष्ण के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**सीतापुर, अमृत विचार :** लहरपुर के खतराना चौराहा स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में होली भजन संध्या और फूलों की होली खेली गई। भजन संध्या में भाव विभोर होकर श्रद्धालु जमकर थिरके, इस अवसर पर भगवान श्री राधा कृष्ण का भव्य श्रृंगार किया गया। श्री राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित होली भजन संध्या में होली भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। इस मौके पर मां वैष्णो म्यूजिकल ग्रुप लखीमपुर के कलाकारों ने श्री राधा कृष्ण के भजनों का ऐसा समां बांधा कि उपस्थिति श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचने लगे, कलाकारों ने रसिया रंग डार गयो रे, श्याम होली खेलने आया, मनिहारिन का रूप बनाया, गोकुल के हैं कृष्ण कन्हाई, बरसाने की राधा गोरी, खेल रहे ब्रज में होली आदि भजन गाकर वातावरण को भक्त मय बना दिया।

### शांति का रास्ता बंद होने पर चुनें गीता का मार्ग

**सीतापुर, अमृत विचार :** साध्वी प्राची ने ईरान-इजराइल युद्ध के बीच एक बयान देकर सियासी पारा गरमा दिया। सीतापुर प्रवास के दौरान उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तारीफ करते हुए कहा कि जब शांति के रास्ते बंद हो जाएं, तो शासक को गीता का मार्ग चुनना चाहिए। साध्वी ने उन लोगों पर निशाना साधा जो भारत में रहकर खामनेई की मौत पर मातम मना रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि ऐसे लोगों की सघन जांच की जाए ताकि उनके आतंकी कनेक्शन उजागर हो सकें। उन्होंने कहा कि देश के भीतर छिपे गद्दार बाहर वालों से ज्यादा खतरनाक हैं। साध्वी प्राची ने भारत को अविलंब आधिकारिक हिंदू राष्ट्र घोषित करने की वकालत भी की। उन्होंने महाभारत के 'कर्ण' का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे घोषणा न होने से कर्ण को अपमान सहना पड़ा, वैसे ही हिंदुस्तान को अपने अधिकार के लिए यह दर्जा मिलना जरूरी है।



माल्यार्पण कर शिक्षिकाओं व चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारियों का किया गया स्वागत। अमृत विचार

## नारी के बिना सृष्टि की कल्पना व्यर्थ: आरके वाजपेयी

**महमूदाबाद, सीतापुर :** नारियों के अस्तित्व से ही सृष्टि का अस्तित्व है। नारियों के बिना सृष्टि की कल्पना करना ही व्यर्थ होगा। इन्हें भारतीय संस्कृति में लक्ष्मी का रूप माना जाता है। समाज के हर क्षेत्र में नारी शक्ति बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। भारतीय संस्कृति सदा से ही मातृशक्ति की उपासक रही है। नारियां देवी स्वरूप के साथ बहन, मां, पत्नी आदि कई स्वरूपों में पूज्यनीय है। भारतीय संस्कृति में सदैव नारी शक्ति को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। यह बात सीता ग्रुप आफ एजूकेशन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये संस्था के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने कही। उन्होंने कहा कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता' अर्थात जहां पर नारी की पूजा होती है, वहां देवताओं का वास होता है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं व चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं द्वारा समाज के लिए उपयोगी सद्वाक्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनंत रत्नम, उप प्रधानाचार्य नीरज वर्मा, अंजली वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र वर्मा ने किया।

## गलत रिपोर्ट लगाने पर लेखपाल के निलंबन के निर्देश

**बिसवां, सीतापुर:** तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लेखपाल को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। मामला जमीन पर बने तालाब से संबंधित है। शिकायतकर्ता बांके बिहारी अवस्थी ने पूर्व में आईजीआरएस के माध्यम से तालाब के अतिक्रमण की शिकायत की थी। इस पर लेखपाल शिवम सिंह द्वारा लगाई गई आख्या (रिपोर्ट) से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं था। शनिवार को समाधान दिवस में पीड़ित ने जिलाधिकारी के समक्ष लेखपाल पर गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया। डीएम द्वारा कराई गई जांच में शिकायत सही पाए जाने पर उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिये।

### प्रसूता की मौत पर अस्पताल संचालक व स्टाफ पर केस

**सीतापुर, अमृत विचार :** रेउसा थाना क्षेत्र के उजाला जनता सेवा अस्पताल में प्रसूता की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सीएचसी अधीक्षक की जांच रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल संचालक और स्टाफ के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जांच में सामने आया कि थानगांव निवासी प्रीती (20) की ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ने पर उसे समय रहते रेफर नहीं किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। एसडीएम बिसवां की जांच में भी अस्पताल प्रशासन की घोर लापरवाही और इलाज में देरी की पुष्टि हुई है। गौरतलब है कि उक्त अस्पताल को दो माह पूर्व सीएमओ ने बंद करने के निर्देश दिए थे, फिर भी इसका संचालन किया जा रहा था।

### गैस सिलेंडर वितरण में अफरातफरी

**सीतापुर, अमृत विचार :** यह नजारा खैराबाद स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के सामने का है। यहां सीतापुर स्थित मन्नी चौराहा की नवाब गैस एजेंसी द्वारा घरेलू एलपीजी का वितरण किया जा रहा है। राम सखी, हरीश अनिल, जुबेर आदि ने बताया कि सुबह 9 बजे से खड़े है एक बज रहा है। अब गाड़ी आई है। सिलेण्डर लदा वाहन आते ही भीड़ लग गई। बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को कमीं के चलते लौटना पड़ रहा है। अफरातफरी की यही स्थिति खैराबाद की राधाकृष्ण गैस एजेंसी पर भी देखने को मिली।



नाथू बाबा की पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

## नाथू बाबा की वार्षिक पूजा, सुख-समृद्धि की कामना

**लहरपुर, सीतापुर :** नाथू बाबा की वार्षिक पूजा का आयोजन विधि विधान व श्रद्धा पूर्वक संपन्न हुआ। नगर क्षेत्र के मोहल्ला टांडा सलार स्थित सुल्तान तालाब पर नाथू बाबा की वार्षिक पूजा के अवसर पर पूजा के विशेष अनुष्ठान किए गए। आयोजन के दौरान श्रद्धालु अनूप केवट, अनुज केवट व अन्य श्रद्धालुओं ने जीभ में त्रिशूल छेद कर माता काली को प्रसन्न किया और क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। मत्स्य जीवी सहकारी समिति के अध्यक्ष भगवान दीन केवट ने प्रतिभाग कर समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। पूजा समिति के अध्यक्ष शत्रोहन लाल केवट ने विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई। इस अवसर पर अनूप केवट, विशाल केवट, अनुज केवट, पंकज केवट, पलटू राम केवट, इंदल केवट, अजय केवट, खेमकरण केवट, लल्लू राम केवट, मुन्ना केवट, मनीष केवट, विशाल केवट आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने थानगांव थाने का किया औचक निरीक्षण

**सीतापुर, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शनिवार को थानगांव थाने का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने मालखाना, कंप्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र और महिला-पुरुष बंदीगृह का गहन जायजा लिया। एसपी ने थाने की पुरानी और कंडम घोषित हो चुकी बिल्डिंग को नीलामी प्रक्रिया के जरिए तत्काल गिराने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत दी कि थाने आने वाले हर फरियादी की समस्या सुनी जाए। निरीक्षण के समय वेद प्रकाश श्रीवास्तव और थाना प्रभारी विमल गौतम आदि मौजूद रहे।



मस्जिद के इमाम का अभिनंदन करते लोग। अमृत विचार

### 17वीं तरावीह में कुरआन मुकम्मल

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर :** महोली के ग्राम मस्जिद बाजार स्थित बरकाती जामा मस्जिद में पवित्र माह रमजान की 17वीं नमाज-ए-तरावीह के अवसर पर हाफिज इब्राहीम द्वारा कुरआन-ए-पाक की तिलावत मुकम्मल हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने शिरकत की। नमाज के बाद महफिल-ए-मीलाद का आयोजन किया गया, जिसमें मस्जिद के इमाम मौलाना नूर मोहम्मद, हाफिज नूरुद्दीन, हाफिज हाजी अब्दुल तव्वाब तथा मस्जिद सदर अली मोहम्मद सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान सलमान सीतापुरी ने नातिया कलाम पेश किया, जबकि हाफिज मुस्तकीम ने सलाम पढ़कर महफिल का समापन किया। कार्यक्रम के दौरान सलमान सीतापुरी ने हाफिज इब्राहीम व मस्जिद इमाम नूर मोहम्मद को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुल्क की तरक्की, अमन-ओ-शांति, आपसी सौहार्द व भाईचारे, खुशहाली और सलामती के लिए दुआएं की गईं। अंत में सलामो-दुआ के बाद तबर्रुक वितरित किया गया।

# गांव की मेधा महकी, पुराने शहर से चमका सितारा

**यूपीएससी परीक्षाफल**

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** मेधा शब्दों की मोहताज नहीं, ये रूप लेती है तो समाज में परिवर्तन ला खड़ा करती है। यूपीएससी के आए परीक्षाफल में जनपद की मेधाओं ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया। महोली के लौकी फरीदपुर गांव की छात्रा ने 324 वीं रैंक हासिल की, वहीं पुराने शहर की शिक्षिका के पुत्र ने 671 वीं रैंक पाकर जनपद का मान बढ़ाया।

महोली के लौकी फरीदपुर निवासी इन्द्रजीत वर्मा की पुत्री प्रियशा वर्मा बताती हैं कि उनकी दैनिक दिनचर्या पाठ्यक्रमों और बेसिक को पूरा करके ही समाप्त होती है। नोट्स बनाकर रिवाइज करना भी सूचीबद्ध था। यूपीएससी के परीक्षाफल में 324 वीं रैंक हासिल करने का श्रेय अपने अभिभावकों और गुरुजनों को देती हैं। उधर, सीतापुर नगर स्थित पुराने शहर के मोहल्ला कोट निवासी मोहम्मद अबूजर अंसारी 671 वीं रैंक पाकर काफी खुश नजर आए, बताते हैं कि छठवें प्रयास के बाद ये सफलता मिली। मां गौसिया खातून उच्च माध्यमिक विद्यालय नगरा में शिक्षिका हैं। बताते हैं कि गाजियाबाद से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करते हुए लक्ष्य निर्धारत रखा। देश सेवा का जज्बा रखने वाले अबूजर सफलता का श्रेय अपने अपनी मां और परिवार के अन्य लोगों को देते हैं।



प्रियशा वर्मा।



अबूजर अंसारी।

**मौसेरे भाई आईएएस और नाना पीसीएस बढ़ाया हौसला:** चौथे प्रयास में सफल प्रियशा वर्मा को हौसला परिवार से मिला। इनके मौसेरे भाई अक्षत वर्मा (पूर्व में सीतापुर में सीडीओ रहे) और नाना आरबी वर्मा (रिटायर्ड पीसीएस अधिकारी) हैं। प्रियशा वर्मा बताती हैं कि मौसेरे भाई अक्षत वर्मा के अलावा नाना ने भी समय-समय पर मार्गदर्शन किया। पिता रेलवे अधिकारी और मां आराधना वर्मा ने भी छोटी बहन समृद्धि वर्मा (एनआईडी भोपाल) को भी प्रोत्साहित करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी।

## पुलिस को नाबालिग से शांति भंग का खतरा

**रामपुर मथुरा, सीतापुर:** रामपुर मथुरा थाना पुलिस को नाबालिग से शांति भंग का खतरा है। गंभीर प्रकरण में ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की है। बांसुरा गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम महमूदाबाद से रामपुर मथुरा पुलिसिया कार्रवाई की शिकायत की है। नसरीन के मुताबिक, गांव निवासी रेहान नाबालिग हैं और उनका विवाद से कोई संबंध नहीं है, इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें भी अपनी रिपोर्ट में शामिल कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला था। पुलिस ने शांति भंग की आशंका जताते हुए कुछ लोगों के नाम रिपोर्ट में दर्ज कर मजिस्ट्रेट को भेज दिए। उधर, इस मामले में एसडीएम महमूदाबाद बीके सिंह का कहना है कि पुलिस रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय से नोटिस जारी हुआ है। यदि सूची में नाबालिग का नाम शामिल है तो उसकी जांच कर आवश्यक संशोधन किया जाएगा।

### महाअभियान में संगठन की विचारधाराओं पर चर्चा

**गोंदलामऊ, सीतापुर :** जरिगवां में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान आयोजित किया गया। अभियान में जनसंपर्क के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारियां साझा की गईं। अभियान के प्रथम सत्र की अध्यक्षता रामपाल सिंह ने की। मुख्य वक्ता रमाकांत मिश्रा ने संगठन की मूल विचारधारा पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता रामगोपाल अवस्थी ने की। कार्यक्रम के दौरान विधायक रामकृष्ण भार्गव ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संदना मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र अवस्थी 'सीटू', कल्ली मंडल अध्यक्ष अतुल गौतम, अखिलेश मिश्रा, केदारनाथ शुक्ला सहित विभिन्न शक्ति केंद्रों के संयोजक उपस्थित रहे।

### बंदरों के हिलाने से गिरा बिजली का पोल

**सीतापुर, अमृत विचार :** सिधौली कस्बे के मोहल्ला प्रेम नगर उत्तरी में शनिवार दोपहर करीब 2 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। यहाँ काफी समय से जर्जर स्थिति में खड़ा बिजली का पोल बंदरों के हिलाने के कारण अचानक टूटकर गिर गया। गनीमत रही कि पोल पास के एक मकान की दीवार पर टिक गया, जिससे जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। घटना के दौरान बिजली आपूर्ति चालू होने से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय निवासी गोपाल श्रीवास्तव और संजय ने बताया कि इस जर्जर पोल के संबंध में विभाग को लिखित और व्हाट्सएप के माध्यम से कई बार शिकायत दी गई थी, लेकिन इसे अनसुना कर दिया गया। विभागीय लापरवाही का आलम यह रहा कि हादसे के तीन घंटे बाद तक कोई भी कर्मचारी पोल दुरुस्त करने मौके पर नहीं पहुंचा था।

### तमंचे के साथ शातिर गिरफ्तार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रामपुर मथुरा पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद के निर्देशन में उपनिरीक्षक संजय सिंह की टीम ने चेकिंग के दौरान नया कोठार निवासी अमन सिंह पुत्र लल्ला को पकड़ा। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कांस्टेबल उमेश कुमार व संजय सिंह शामिल रहे।

### मेधावी छात्रों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



मेधावी छात्रों के साथ शिक्षकगण। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर :** क्षेत्र के ग्राम बेनी संराय स्थित स्वामी दयाल जूनियर हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने 'राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2025-26' में शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के कुल 6 मेधावी छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया है। सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों में सुमित, प्रगति वर्मा, सचिन, लक्ष्मी देवी, अंशिका व प्रज्ञा जायसवाल शामिल हैं। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा आयोजित इस परीक्षा के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई के लिए प्रति वर्ष 12,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. ओमप्रकाश वर्मा ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक राम लखन मिश्रा सहित समस्त स्टाफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### विधायक बोले, जहां फसल हो वहां न करें खोदाई

**सीतापुर, अमृत विचार :** सिधौली इलाके में जमीन कब्जेदारी का विवाद थमने का नाम नहीं रहा। पूर्व में प्रशासन द्वारा फसलों को जोतने के बाद विधायक सिधौली की शिकायत पर कब्जा हटने की प्रक्रिया को विराम दे दिया गया था। शनिवार को एक बार फिर सिधौली तहसील टीम गांव पहुंची। गांव के बाहर जेसीबी से खोदाई करने की सूचना मिलते ही विधायक सिधौली मनीष रावत मौके पर पहुंचे। स्पष्ट शब्दों में कहा कि फसलों पर जेसीबी नहीं चलनी चाहिए। खुदाई वहीं होगी, जहां फसल न लगी हो। इस दौरान तहसील कर्मियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### रोजेदारों के लिए आयोजित हुई इफ्तार पार्टी



इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदार। अमृत विचार

**हरगांव, सीतापुर :** पवित्र माह-ए-रमज़ान के अवसर पर जनपद के विकास खंड हरगांव की ग्राम पंचायत नौनेर निवासी अजमुद्दीन द्वारा रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के रोजेदारों ने शिरकत कर सामूहिक रूप से रोज़ा इफ्तार किया। अज़ान के साथ रोजेदारों ने खजूर और अन्य व्यंजनों से रोज़ा खोला। इफ्तार के बाद सभी ने नमाज़ अदा की और देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के बुजुर्गों, युवाओं और रोजेदारों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। आयोजक अजमुद्दीन ने कहा रमज़ान का महीना आपसी भाईचारे, प्रेम और इंसानियत का संदेश देता है।

### अंजलि ने विद्यालय को किया गौरवान्वित

**सीतापुर, अमृत विचार :** श्री रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा की कक्षा आठ की छात्रा अंजलि ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जनपद में 50वीं रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, प्रयागराज द्वारा आयोजित इस परीक्षा में अंजलि ने कुल 94 अंक प्राप्त किए। इस सफलता के फलस्वरूप उन्हें कक्षा 9 से 12 तक प्रतिवर्ष 12,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। हाल ही में एचसीएल फाउंडेशन द्वारा राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए उनका चयन हुआ है। अंजलि की इस दोहरी उपलब्धि पर प्रधानाचार्य ऋषि कुमार मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### महिला दिवस पर जनसभा आज

**सीतापुर, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाएं जीआईसी मैदान पर इकट्ठा होकर एक जनसभा करेंगी। सामाजिक कार्यकर्ता ऋचा सिंह ने बताया कि इस अवसर पर वे अपने हक हुकूक, खासतौर पर मनरेगा और रोजगार के अधिकार पर महिलाएं अपने विचार रखेंगी। जनसभा के बाद सभी महिलाएं रैली की शक्ल में गांधी पार्क होते हुए बाबा साहेब आंबेडकर पार्क में रैली खत्म होगी।

### एसओजी के पांच पुलिसकर्मी हटे

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने एसओजी में तैनात पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उनकी थानों आदि पर तैनाती की गई है। हटाए जाने वाले पुलिसकर्मियों में मुख्य आरक्षी रोहित, विनय सिंह, आरक्षी अंकुर बालयान, अभिषेक तोमर और चन्द्र प्रकाश वर्मा शामिल है। बताते हैं कि ये सभी लंबे समय से क्राइम ब्रांच में रहते हुए ड्यूटी से गैर हाजिर चल रहे थे। वहीं, स्थानांतरण की चर्चा को राघवेंद्र बाजपेई हत्याकाण्ड में वांछित हिस्ट्रीशीटर सुमित श्रीवास्तव बउवा की गिरफ्तारी न होने से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

### अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़

**सीतापुर/महमूदाबाद, अमृत विचार :** ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण तेल की किल्लत होने की उड़ी अफवाह ने क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया है। शुक्रवार को रामपुर मथुरा और महमूदाबाद क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। रामपुर मथुरा, भगौतीपुर, बांसुरा और गोडैचा सहित महमूदाबाद के वर्धमान फिलिंग सेंटर पर लोग अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने के साथ-साथ डिब्बों और कैनों में भी डीजल-पेट्रोल भरवाते नजर आए। किसानों को डर है कि यदि तेल की कमी हुई, तो वर्तमान में चल रहे कृषि कार्य प्रभावित हो सकते हैं। दूसरी ओर, जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने नागरिकों से अपील की है कि जनपद में तेल की कोई कमी नहीं है और स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सोशल मीडिया पर चल रही अफवाह और भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और केवल आवश्यकतानुसार ही ईंधन खरीदें ताकि अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### तेज रफ्तार बाइक हुई अनियंत्रित, दो घायल

**बछरावां (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा-बहराइच राजमार्ग पर अघौरा गांव के पास लालगंज से बछरावां आ रहे दो बाइक सवारों की बाइक हाइवे किनारे मार्ग की पटरी पर जाने से अनियंत्रित हो गई। जिसमें वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बाइक सवार तौसीफ पुत्र अब्दुल हमीद अपने साथी मोहम्मद सिद्दीकी पुत्र चमन निवासी लालगंज जनपद रायबरेली उनकी बाइक उक्त राजमार्ग पर अघौरा गांव के पास पहुंची, तभी हाईवे मार्ग किनारे बनी पटरी पर जाने से उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह दोनों सड़क मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। मौजूद चिकित्सक के द्वारा उनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### आवारा कुत्तों का हिरण पर हमला, मौत

**जगतपुर :** शुक्रवार देर रात साईपुर गांव में कल्लू भदौरिया के घर के पास एक जंगली हिरण भटकते हुए पहुंच गया। इसी दौरान नजर पड़ते ही आवारा कुत्तों ने उसे घेर कर नोचना शुरू कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार सुबह जब ग्रामीणों ने मृत हिरण को देखा तो इसकी सूचना ग्राम प्रधान तारा देवी को दी गई। प्रधान प्रतिनिधि रमाकांत यादव ने तत्काल वन विभाग को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर रजनीश कुमार के निर्देश पर वन दरोगा दिनेश गौतम मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद वन विभाग की टीम ने हिरण के शव को माधवपुर जंगल में दफना दिया। डिप्टी रेंजर रजनीश कुमार ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि रमाकांत यादव द्वारा हिरण की मौत की सूचना दी गई थी। टीम भेज कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया और बाद में जंगल में दफन करा दिया गया है।

### युवकों ने महिला से की अश्लीलता

**ऊंचाहार :** दो पक्षों के आपसी विवाद में दूसरे समुदाय के लोग कूद गए। आरोप है कि युवकों ने सरेआम महिला को गिराकर उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी, पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला नगर के कालवारन टोला का है। यहां की रहने वाली एक महिला का उसके पड़ोसियों से आपसी विवाद चल रहा है। इस विवाद में महिला ने कोतवाली में शिकायत की थी। पीड़िता का कहना है कि शुक्रवार को उसके घर पुलिस पहुंची और पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली आने के लिए कहा। पुलिस के वापस लौट जाने के बाद उसके विपक्षी दूसरे समुदाय के दो युवकों को लेकर आए और उसे गालियां देते हुए दोनों युवक उससे भिड़ गए। आरोप है कि युवकों ने उसे अर्द्धनग्न कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश करने लगे। महिला किसी तरह दोनों युवकों से भाग कर अपने घर में घुस गई, जिससे उसकी आबरू बच सकी। घटना के बाद पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, मामला दो पक्षों के आपसी विवाद का है। महिला के आरोपों की भी गहराई से जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# सामाजिक पाबंदियों की बेड़ियां तोड़ नारी शक्ति ने हर क्षेत्र में लहराया काबिलियत का परचम

**विश्व महिला दिवस**

- जिले के महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान होकर महिलाएं तरक्की के नए आयाम कर रही स्थापित

नीरज श्रीवास्तव/अमरेंद्र कुमार, रायबरेली

**अमृत विचार।** पहले के जमाने की अपेक्षा अब के दौर में महिलाओं को खूब स्वतंत्रता मिल रही है। सामाजिक पाबंदियों की बेड़ियां तोड़ आधी आबादी अपनी मंजिल तय करते हुए लगातार आगे बढ़ रहीं है। जिले में राजनीति के साथ ही महत्वपूर्ण प्रशासनिक कुर्सियों विराजमान होकर महिलाएं तरक्की के नए आयाम स्थापित कर रही हैं।

### हर्षिता माथुर ने दो साल से बखूबी संभाला जिला


हर्षिता माथुर।

2013 बैच की यूपी कैडर की आईएएस हर्षिता माथुर ने दो साल से भी ज्यादा समय से जिले की कमान बखूबी संभाल रखी है। हर्षिता माथुर मूल रूप से भोपाल, मध्य प्रदेश की रहने वाली हैं। यूपीएससी क्लियर कर उन्होंने 2013 बैच के आईएएस के रूप में सिविल सेवा की शुरुआत की। 17 सितंबर 2023 को रायबरेली कीडीएम बनने वाली हर्षिता माथुर की न्याय दिलाने के साथ ही समाज हित में उनकी व्यापक योगदान की हमेशा सराहना होती है।

### डॉ. अमिता जैन के हाथों में है एम्स की बागडोर


डॉ. अमिता जैन।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले के सबसे बड़े संस्थान एम्स की प्रमुख जिम्मेदारी महिला के हाथों में ही है। 22 सितंबर, 2025 को डॉ. अमिता जैन ने संस्थान के तीसरे कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ का पद ग्रहण किया था। उन्होंने 1982 में एमबीबीएस, 1986 में माइक्रोबायोलॉजी में एमडी और बाद में 2017 में केजीएमयू से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। एम्स रायबरेली उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नईं ऊंचाइयों को छू रहा है।

### लगातार दो बार से विधायक हैं अदिति सिंह


अदिति सिंह।

जिले में राजनीति के क्षेत्र में भी महिलाएं नई इबारत लिख रही है। लगातार दो बार से सदर विधायक अदिति सिंह ने अपनी स्कूली शिक्षा मसूरी और नई दिल्ली के बोर्डिंग स्कूलों से की। इसके बाद उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका से मैनेजमेंट स्टडीज में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। अदिति सिंह ने 2017 के विधानसभा चुनाव में पिता अखिलेश सिंह की राजनीतिक विरासत संभाली थी। आम जनता के बीच उनकी तगड़ी पैठ मानी जाती है।


अमृता सिंह।


सृष्टि अवस्थी।


डॉ. निर्मला साहू।


सोनी गुप्ता।


डॉ. नीलम सिंह।

**महिलाओं ने हर क्षेत्र में बनाई विशिष्ट पहचान:** इसके साथ ही गांवों का विकास हो, स्वास्थ्य सेवा हो या फिर राजनीति, महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता, जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. निर्मला साहू, जिला पुरुष अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम साहू, राही ब्लॉक की खंड विकास अधिकारी गौरी राठौर, महराजगंज की बीडीओ वर्षा सिंह, सतांव की बीडीओ शीतल श्रीवास्तव सहित जिले के अन्य महत्वपूर्ण पदों पर आसीन नारी शक्ति अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने के साथ ही अपने कर्तव्यों को बखूबी निर्वाहन कर रही हैं।

**विकास कार्यों में गति ला रहीं सीडीओ अंजुलता:** जिले में मुख्य विकास अधिकारी का पद बीते चार महीनों से नारी शक्ति ही संभाल रही हैं। सीडीओ अंजू लता 2008 बैच की पीसीएस अधिकारी हैं। 2025 में उन्हें आईएएस अधिकारी बनाया गया। काफी संवेदनशील अंजुलता विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं गति लाने के लिए उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं।

# साहब, सिर्फ चक्कर लगा रहीं हूं, कोई सुन नहीं रहा...

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पहुंचीं फरियादी ने उपजिलाधिकारी से लगाई गुहार, दिए गए जांच के आदेश

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शनिवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उस जिम्मेदारों की कार्यशैली पर महिला ने सवालियां निशान लगा दिए, जब उसने एसडीएम गौतम सिंह के पूछने पर यह कहने लगी कि साहब, सिर्फ चक्कर लगा रहीं हूं, लेकिन कोई सुन नहीं रहा। इस पर मौजूद अधिकारी इधर-उधर झांकने लगे। बछरावां थाना क्षेत्र के बबुरिहा खेड़ा निवासी पीड़िता सुभद्रा ने बताया कि कई बार अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद वह उपजिलाधिकारी गौतम सिंह से मिली। अपनी आपबीती सुनाई। एसडीएम ने उन्हें त्वरित न्याय दिलाया। समाधान दिवस में पहुंची सुभद्रा ने उपजिलाधिकारी से बताया कि 24 फरवरी 2023 को एसडीएम कोर्ट ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया था। फिर भी उसकी जमीन का रकबा कागज पर कम दर्ज है। जांच में पता चला कि रियल टाइम खतौनी की फीडिंग में आदेश की अनदेखी कर कम रकबा दर्ज किया गया था, जिसे उपजिलाधिकारी गौतम सिंह के निर्देश पर तत्काल ठीक करा दिया गया।


शिकायती पत्र दिखाती सुभद्रा।

यहां पर कुल 28 शिकायतें आईं, जिनमें राजस्व 13, पुलिस 9, विकास 3 व अन्य की 3 रही। इनमें से चार का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। एसडीएम गौतम सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुनने के बाद संबंधितों को लंबित समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि किसी कीमत पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।


समस्याओं को सुनती तहसीलदार मंजरी सिंह। अमृत विचार

**समाधान दिवस में तहसीलदार ने सुनीं समस्याएं, डलमऊः** तहसील सभागार में शनिवार को तहसीलदार डलमऊ मंजरी सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। एसडीएम अनुपस्थिति में तहसीलदार ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। विभिन्न मामले की 13 शिकायतों में सिर्फ एक का ही निस्तारण हो सका। सलेमपुर के दरबारीहार से संजय कुमार, अरविंद, विमला, मालती देवी, अनूप कुमार के साथ लगभग एक दर्जन महिला एवं पुरुषों ने अधिकारियों से रास्ते में जल भराव की समस्या की शिकायत की। इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी अशोक सचान, कोतवाली प्रभारी राघवन कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक, एडीओ पंचायत कैलाश नाथ पटेल आदि मौजूद रहे।

### मानदेय नहीं मिलने से मनरेगा कर्मी खफा

**महराजगंज।** लंबे समय से मानदेय न मिलने से नाराज मनरेगा कर्मियों ने शनिवार को महराजगंज ब्लाक कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर बीडीओ वर्षा सिंह को ज्ञापन सौंपा है। मनरेगा कर्मियों ने कहा कि जुलाई 2025 से लंबित वेतन के कारण कर्मचारियों के सामने भरण-पोषण का संकट पैदा हो गया है। समय पर मानदेय न मिलने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। मनरेगा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा कर्मचारी और ग्राम रोजगार सेवकों समेत तकनीकी सहायक, लेखा सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर ने ब्लाक कार्यालय में एकत्रित हुए। मनरेगा कर्मियों ने लंबित मानदेय भुगतान करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर सोभित सिन्हा, सत्येन्द्र त्रिपाठी, प्रेमकुमार, पूनम यादव, अविनाश चंद्र मिश्रा, नन्हे लाल, आनंद कुमार, अनुपम पाण्डेय, सुरेश कुमार आदि कर्मचारी मौजूद थे।

### जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य ने पताका भेंट कर 21 दीपों की आरती की

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्तर के ऐतिहासिक शहीद स्मारक, (मुंशीगंज) प्रांगण स्थित श्री संकट मोचन धाम में शनिवार की सायं आध्यात्मिक आस्था और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला, जब चित्रकूट धाम से पधारे अनन्त श्री विभूषित सर्वाम्नाय श्री कामदगिरी पीठाधीश्वर, श्रीमद् जगद्गुरु रामानन्दाचार्य पूज्य श्री 108 रामस्वरूपाचार्य जी महाराज अपने भक्तों के साथ पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले मंदिर में विराजमान बालरूप हनुमान के दिव्य स्वरूप का विधिवत दर्शन-पूजन कर 21 दीपों से हनुमान जी की आरती उतारी, ध्वजा पताका भेंट किया और सैकड़ों उपस्थित भक्तों को अपने हाथों से प्रसाद वितरित करते हुए सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। संकट मोचन धम पर मंदिर परिसर आगमन से वातावरण पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत हो उठा। उन्होंने संकटमोचन धाम में पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। उन्होंने बाल रूप हनुमान जी संकट मोचन धाम को भक्तों के लिए बहुत सिद्ध पीठ बताया। दर्शन-पूजन के उपरांत उन्होंने श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए सनातन धर्म की मर्यादा, सेवा और राष्ट्रभक्ति के महत्व का संदेश दिया। इसके बाद जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य जी महाराज ने समीप स्थित राष्ट्रीय स्तर के ऐतिहासिक स्थल शहीद स्मारक पर पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों की समाधि पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी। प्रो. डॉ. संजय सिंह, प्रमोद शुक्ला, प्रो डॉ. आजेंद्र प्रताप सिंह, रजनू पांडेय, प्रदीप पांडेय, ओपी सिंह पटेल, उमाकांत शुक्ला, राकेश तिवारी, सतीश चंद्र मौर्य, शिवराज मौर्य, राम प्रकाश चौधरी, डॉ. विपिन सिंह आदि उपस्थित रहे।


जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य का स्वागत करते लोग।

### खूब उड़ा अबीर-गुलाल, देखी गई नौटंकी

**रायबरेली, अमृत विचार।** राही ब्लॉक के भखरवारा गांव में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्साह के साथ जमकर अबीर गुलाल उड़ाया गया। रात्रि में गांव व क्षेत्रीय लोगों ने नौटंकी का लुत्फ उठाया। आयोजक प्रधान प्रतिनिधि शैलेन्द्र प्रताप उर्फ गट्टू सिंह ने बताया कि पूरा दिन लोगों ने होली गीतो का आनन्द लिया। होली प्रेम, एकता और भाईचारे का त्योहार है। सामाजिक भेदभाव मिटाकर हम सभी को एक साथ रहने के लिए प्रेरित करता है। यह त्योहार वसंत के आगमन का भी संदेश देता है। इस पर होरीलाल अग्रहरि, प्रधान सिद्धनाथ, राम बहादुर यादव, संत प्रसाद पाठक, रणजीत सिंह, प्रधान चंदन सिंह, राजकुमार शर्मा, प्रमोद त्रिवेदी, हरीराम पासी, राजू सिंह, हीरालाल लोधी मौजूद रहे।


होली मिलन समारोह में मौजूद लोग।

### होली मिलने के बहाने हमला, लूटपाट का आरोप

**ऊंचाहार।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने बड़ी साजिश की। होली मिलने के बहाने गले लगे और जकड़ कर हमला करवा दिया यही नहीं पीड़ित के साथ लूटपाट भी हुई है। मामले की शिकायत कोतवाली में की गई। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव गोकना का है। गांव निवासी गजेंद्र त्रिपाठी की कुछ लोगों से पुरानी रंजिश है। उनका कहना है कि वह पड़ोस के गांव पूरे कुशल में होली मिलने गए थे, जहां से वापस लौटते समय रास्ते में उसे कुछ लोग मिले और होली मिलने के लिए गले लगे, उनके गले लगते ही उन्होंने उनको जकड़ लिया और मौका पाकर विपक्षी ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। उनके चीखने चिल्लाने पर गांव के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे तब उनकी जान बच पाई। आरोप है कि इस आपाधापी में उनके साथ लूटपाट भी की गई और उनके हाथ में पहनी हुई चांदी की मोटी चेन को छीन लिया गया। घटना के बाद कोतवाली पहुंचे पीड़ित ने मामले की शिकायत की है। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, आरोपितों की तलाश जारी है।

### कुएं की जगत तोड़ने पर मारपीट, तीन घायल

**महराजगंज, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बिलास मजरे जमुरावां गांव में एक युवक और उसके परिवार के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना बुधवार होली के दिन की है। बिलास गांव निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव के ही सत्यम ने तेज़ रफ़्तार ट्रैक्टर से उसके कुएं की जगत तोड़ दी है। उसने टूटी जगत की मरम्मत कराने को कहा, तो सत्यम के भाई शिवम ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर बीच-बचाव करने आई सुरेंद्र की मां कमलेश कुमारी और चचेरे भाई सुनील को भी आरोपियों ने लात-घूंसों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। घटना का वीडियो बना रही शिवकांती के साथ भी मारपीट कर आरोपितों ने मोबाइल छीनकर लिया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि सुरेंद्र की तहरीर के आधार पर चार शिवम, शुभम, सत्यम और उनके पिता रामकंठ के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**महराजगंज।** पहरेमऊ निवासी चंद्रप्रकाश ने बताया कि एक मार्च रविवार की सुबह उसका बेटा सूर्य प्रकाश बाइक से पाली गांव अपनी ससुराल जा रहा था। तभी सुखई का पुरवा चौराहे पर सामने से आ रहे अनियंत्रित टैंपो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिला अस्पताल से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है कार्यवाही की जाएगी।

### बीआरसी में प्रशिक्षण आयोजित

**बछरावां, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के बीआरसी बछरावां में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। यहां पर खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रा देवी ने विद्यालय प्रबंध समिति के गठन, उनके दायित्वों, कर्तव्यों, अधिकारों एवं शासन की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। एआरपी मृत्युंजय सिंह ने विद्यालय प्रबंध समिति की निगरानी संबंधी भूमिका पर चर्चा की। संदर्भदाता मुकुट बिहारी मिश्रा ने विद्यालय प्रबंध समिति की संरचना, गठन, कार्यकाल एवं समिति के कार्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसके अलावा मनीष वर्मा, विवेक पटेल, नीलिमा श्रीवास्तव, राजलक्ष्मी वर्मा व अमन शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त किया। संचालन उमेश कुमार ने किया। इस अवसर पर वेद शुक्ला, बुद्धि प्रकाश अवस्थी, रामदयाल, दिनेश कुमार, लोकतंत्र, रामलखन, अमित शुक्ला, नरेंद्र कुशवाहा, रश्मि मिश्रा, प्रीति सक्सेना, रामप्रकाश, तेज नारायण आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता को वायरल वीडियो के माध्यम से मिली जान से मारने की धमकी

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रामपुर हसनगंज निवासी भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि धमकी देने वाला व्यक्ति सलाउद्दीन मंसूरी है, जो बछरावां कस्बे का ही रहने वाला है। उस पर पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज होने के कारण जिला बदर भी किया जा चुका है। मामले से जुड़ा एक वीडियो शुक्रवार की देर शाम सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में कथित रूप से सलाउद्दीन मंसूरी भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी को खुलेआम जान से मारने की धमकी देता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। बताते चलें कि बीते दिनों होली के दिन कस्बे में होली गीत डीजे पर चल रहे थे, इसी को लेकर मुस्लिम पक्ष के दर्जनों लोगों ने हिंदू पक्ष के लोगों पर ईट पत्थर से हमला किया था, जिसमें एक दर्जन के करीब लोग घायल हुए थे, इसके बाद गुस्साए हिंदू पक्ष के सैकड़ो लोगों में महिलाओं पुरुष व बच्चों ने मिलकर थाने का घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया, जानकारी मिलते ही थाने में पहुंचे हरिओम ने भी जमीन पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया और इस घटना का जिम्मेदार सलाउद्दीन मंसूरी को ठहराया। इसके बाद सलाउद्दीन मंसूरी ने भी शुक्रवार को स्वयं के सोशल मीडिया फेसबुक अकाउंट से हरिओम के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक बयान दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली संजीव कुमार सिन्हा का कहना है कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## तेज रफ्तार बस की टक्कर से दो गंभीर

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र में चडरई टोल प्लाजा के पास शनिवार को तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जगतपुर पहुंचाया गया।

थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी रामनाथ (60) अपने साथी अनिल कुमार के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक चड़रई टोल प्लाजा के पास पहुंची, तभी तेज गति से आ रही एक बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सीएचसी जगतपुर पहुंचाया। डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि घायलोंका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

### सड़क हादसे में युवती समेत तीन घायल

**बछरावां, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पहुरावा-नहर कोठी बाईपास पर देवपुरी गांव के पास बीते शुक्रवार की देर रात दो बाइको की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें एक युवती समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल शिवांश पटेल पुत्र अवधेश कुमार अपने साथी अमन साहू पुत्र स्व. रामदेव साहू निवासीगण बहादुरपुर एक बाइक पर सवार होकर बछरावां से देवपुरी गांव की तरफ जा रहे थे। तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक पर सवार युवती मंजू रावत पुत्री संतोष कुमार निवासी गुजरपुर की बाइक और शिवांश पटेल की बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। आसपास मौजूद लोगों द्वारा तत्काल घटना की सूचना एंबुलेंस को दी गई। सीएचसी मौजूद चिकित्सक के द्वारा तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात शिवांश पटेल को ट्रामा सेंटर लखनऊ, वहीं मंजू रावत एवं अमन साहू को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।


घायल का इलाज करते चिकित्सा कर्मी।

**कार्यक्रम**

**होली मिलन समारोह में जुटे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता, आपसी भाईचारे का दिया संदेश**

# फाग, राधा-कृष्ण की होली और काव्य गोष्ठी ने बांधा समां

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक/प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में रंग, उमंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार छटा देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व सपा के राष्ट्रीय सचिव रामआसरे विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि बछरावां विधायक श्याम सुन्दर भारती, हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी, जिला अध्यक्ष सपा इं.वीरेंद्र यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उपस्थिति लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और सांस्कृतिक माहौल में उत्साहपूर्वक भाग लेकर आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक फाग गीतों से हुई, जिनकी मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को होली के रंग में सराबोर कर दिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत राधा-कृष्ण की होली की आकर्षक झांकी और नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। ब्रज संस्कृति की झलक दिखाती इन प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोग झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान आयोजित लघु काव्य गोष्ठी भी आकर्षण का केंद्र रही। कवियों ने हास्य, व्यंग्य और श्रृंगार रस से ओतप्रोत रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कविताओं के माध्यम से होली के रंग, सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।


होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि र्व मंत्री व सपा के राष्ट्रीय सचिव रामआसरे विश्वकर्मा के साथ सपा प्रदेश सचिव डॉ. शशिकांत शर्मा व अन्य। अमृत विचार

मुख्य अतिथि ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा सामाजिक समरसता और भाईचारे की राजनीति करती आई है, ऐसे आयोजनों से कार्यकर्ताओं के बीच आपसी संवाद बढ़ता है और संगठन को मजबूती मिलती है। मंच से अन्य वक्ताओं ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जो समाज में आपसी दूरियों को मिटाने का संदेश देता है। समारोह में

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच पारंपरिक होली मिलन का स्वाद भी देखने को मिला। आयोजन स्थल पर उपस्थित अतिथियों और लोगों के लिए गुझिया, पापड़, दही बड़े तथा विभिन्न प्रकार की मिठाइयों की विशेष व्यवस्था की गई थी। सभी ने आपसी मेल-मिलाप के साथ इन पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और होली के उल्लास को साझा किया। कार्यक्रम के अंत में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक/प्रबंधक डॉ. शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में प्रेम, सद्भाव एवं एकता बनाए रखने का आह्वान किया।

### होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक : कंछल

**लालगंज, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल द्वारा नगर के बजरंग उत्सव लान में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वरिष्ठ व्यापारियों और मीडिया जगत से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सदस्य बनवारी लाल कंछल ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच समन्वय और सद्भाव बढ़ता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने समारोह के दौरान सभी का स्वागत किया। व्यापार मंडल के संरक्षक दीप प्रकाश शुक्ला और व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि होली मिलन कार्यक्रम समाज में आपसी रिश्तों को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने ही किया। इस मौके पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। समारोह में व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा, संरक्षक सीएमपीएस के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला, महेश शर्मा, अरुण कुमार सिंह, राजेश सिंह फौजी, मनोज अवस्थी, अवनेंद्र सिंह, विवेक शर्मा, रोहित सोनी, मृत्युंजय बाजपेई, अप्पू शर्मा, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, विशाल गुप्ता, अमित गुप्ता, आशुतोष गुप्ता आदि व्यापारी नेता मौजूद रहे।


प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते व्यापारी नेता।

### न्यूज ब्रीफ

## वीरांगना ऊदा देवी पासी का स्मृति द्वार बनकर तैयार

**शिवगढ़ (रायबरेली) :** क्षेत्र के बांदा–बहराइच राजमार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत गूढ़ा में चन्दापुर मोड़ के पास शनिवार को वीरांगना ऊदा देवी पासी स्मृति द्वार का निर्माण कराए जाने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। यह द्वार क्षेत्रीय विधायक श्याम सुन्दर भारती द्वारा विधायक निधि से लाखों रुपये की लागत से बनवाया गया है। ज्ञात हो कि वीरांगना ऊदा देवी पासी 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगनाओं में प्रमुख थीं। जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अदम्य साहस का परिचय देते हुए लखनऊ के सिकंदरबाग में युद्ध के दौरान 3 दर्जन अंग्रेज सैनिकों को मार गिराया था और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनके त्याग और बलिदान की स्मृति को जीवंत रखने के उद्देश्य से यह स्मृति द्वार बनाया गया है। स्मृति द्वार बनने से क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर सपा के भौसी न्याय पंचायत सेक्टर प्रभारी श्रवण कुमार रावत, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अवधेश रावत, पूर्व शिक्षक रामचंद्र, हीरालाल, राजू मिस्त्री, राजाराम, धीरज यादव, रमेश कुमार, जंगली प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## शिकायत पर दी जान से मारने की धमकी

**डलमऊ (रायबरेली) :** घुरवारा चौकी क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित महिला ने कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। उसका कहना है कि गांव का युवक उसकी 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री को 4 मार्च को बहला–फुसलाकर भगा ले गया है। आरोप है कि पीड़िता के शिकायत करने पर युवक के परिजन उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी विनय पाठक ने बताया कि लड़की को बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया है।

## दो अक्षर के जाप से मिलती है मुक्ति

**बल्दीराय (सुलतानपुर) :** रामलीला मैदान में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित ज्ञानेंद्र तिवारी ने कहा जीवन में भगवान के दो अक्षरों वाले नाम का जाप करने से मनुष्य को भवसागर से मुक्ति मिलती है। मृत्यु के समय मनुष्य जिस विषय का चिंतन करता है, अगले जन्म में उसे उसी योनि की प्राप्ति होती है। संतों का मिलना भी भगवान की विशेष कृपा से ही संभव होता है और हर किसी के मुख से परमात्मा का नाम निकलना भी ईश्वर की कृपा का परिणाम है।

# 111 शिकायतों में से केवल 13 का निस्तारण

## समाधान दिवसः डीएम बोले-जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता

संवाददाता, अमेठी



समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील अमेठी में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ, जहां फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या हीलाहवाली मिलने पर संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित मामलों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सुना और संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिए।

तहसील अमेठी में 42 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मुसाफिरखाना में 15 शिकायतें मिलीं, जिनमें 3 का समाधान हुआ। तहसील तिलोई में 23 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 4 का निस्तारण किया गया। वहीं तहसील गौरीगंज में 31 शिकायतें आईं, जिनमें 4 शिकायतों का मौके पर समाधान कराया गया। इस प्रकार कुल 111 शिकायतों में से 13 का निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों के समाधान के लिए संबंधित विभागीय टीमों को मौके पर भेजा गया।

**ससुर ने विधवा बहू को संपत्ति से बेदखल किया, अमेठीः** थाना पीपरपुर अंतर्गत ग्राम सभा खाजा की एक विधवा महिला ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी को अपनी व्यथा बताई। महिला ने अपने ससुर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने बताया कि ससुर उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा है।

महिला ने जिलाधिकारी को बताया कि उसके पति की मृत्यु के बाद ससुर ने उसे अपनी संपत्ति से बाहर कर दिया है। ससुर ने अन्य संपत्ति अपने रिश्तेदारों को दानपत्र कर दी है। महिला जिस कमरे में रहती है, उसका ताला तोड़कर ससुर ने उसे गालियां दीं। ससुर जान से मारने पर भी उतारू हो गया था। पीड़िता ने इसकी शिकायत थाना पीपरपुर में भी की थी। पुलिस के सामने भी ससुर ने अपनी दबंगई दिखाते हुए कहा कि वह अपनी जमीन जायदाद का मालिक है। उसने कहा कि वह जिसे चाहे उसे संपत्ति लिख सकता है। विधवा महिला के छोटे-छोटे बच्चे हैं।

वहीं ग्राम प्रधान खाजा ने विधवा महिला की मदद की है। उन्होंने महिला की पेंशन, कॉलोनी और विद्युत कनेक्शन आदि करवाए हैं। ग्राम प्रधान ने कहा कि वह विधवा महिला के साथ न्याय की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनके ग्राम सभा का कोई भी पीड़ित व्यक्ति होगा, तो वह सभी के साथ न्याय की लड़ाई लड़ेंगे और न्याय दिलाकर रहेंगे।

दूसरी ओर तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने थाना पीपरपुर के अधिकारियों को न्याय देने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि महिला को हर सम्मान मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ससुर की संपत्ति में महिला का हिस्सा है। महिला बराबर की हिस्सेदार है और उसे उसका हिस्सा भी मिलेगा। अब देखना यह है कि जिलाधिकारी के निर्देश का पालन होता है या नहीं।

### पेट्रोल-डीजल कोई कमी नहीं है: जिलाधिकारी

**अमेठी, अमृत विचार।** देश में कच्चे तेल की सप्लाई को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच अमेठी जिले में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें फैलने लगीं। हालांकि ग्राउंड रियलिटी इससे अलग है। स्थानीय स्तर पर किए गए रियलिटी चेक में पेट्रोल पंपों पर स्थिति पूरी तरह सामान्य पाई गई। पेट्रोल पंपों पर मौजूद लोगों ने बताया कि उन्हें पहले की तरह आसानी से पेट्रोल और डीजल मिल रहा है और कीमतों में भी किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ है। वहीं पेट्रोल पंप कर्मचारियों का कहना है कि जिले में ईंधन की किसी प्रकार की कमी नहीं है और पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति की जा रही है। इस मामले में जिलाधिकारी संजय चौहान ने भी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि अमेठी में पेट्रोल या डीजल को लेकर किसी प्रकार का कोई संकट नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा सुबह ही संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की गई है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैल रही भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है। न तो ईंधन की कीमतों में कोई बढ़ोतरी हुई है और न ही पेट्रोल-डीजल की सप्लाई प्रभावित हुई।

# भीषण आग से 50 बीघा जंगल जलकर राख



जंगल में उठतीं आग की लपटें। अमृत विचार

शुकुल बाजार (अमेठी)

- सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड टीम मौके पर पहुंची

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र शुकुल बाजार के अंतर्गत नादी पम्प कैनाल के पास स्थित शाहपुर शमशुल हक गोमती नदी के किनारे जंगल में शनिवार को अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं, जिससे आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया और भारी नुकसान की आशंका जताई जाने लगी।

बताया जा रहा है कि नदी किनारे फैले करीब 50 बीघा जंगल में लगी आग ने देखते ही देखते सरपत, झाड़ियां और कई छोटे पेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से पम्प कैनाल की केबिल भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना असलम बाबा ने पीआरबी व फायर ब्रिगेड को दी टीम के साथ फायर बिग्रेड टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड टीम के हरिश्चंद्र ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

# बंद पड़े आरोग्य मंदिर मरीजों की बढ़ गई मुसीबत

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** जिले के विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र में ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए आरोग्य मंदिर केंद्रों पर ताला लटका रहने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। केंद्र प्रभारी की लापरवाही के कारण मरीजों को उपचार के लिए 12 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर जाना पड़ रहा है।

बताया जाता है कि संग्रामपुर क्षेत्र में कई आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं, जहां करीब 80 प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहती हैं, ताकि ग्रामीणों को नजदीक ही प्राथमिक उपचार मिल सके। लेकिन जिम्मेदार कर्मचारियों की उदासीनता के चलते इन केंद्रों का संचालन नियमित रूप से नहीं हो पा रहा है। बीते दिनों क्षेत्र के कंसापुर और बड़गांव स्थित आरोग्य मंदिरों पर ताला बंद मिला, जिससे आसपास के गांवों के मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इलाज के लिए आए कई मरीजों को निराश होकर लगभग 12 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर जाना पड़ा।स्थानीय मरीजों का कहना है कि यदि आरोग्य मंदिर नियमित रूप से खुलते रहें तो उन्हें इतनी लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और समय पर इलाज भी मिल सकेगा।

वहीं इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर के प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। यदि किसी कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा के इतिहास और विकास पर हुई चर्चा

लालगंज (रायबरेली)



प्रशिक्षण अभियान में मौजूद पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम 7 मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल स्तर पर महा प्रशिक्षण अभियान 2026 चलाया जा रहा है। सरेनी प्रशिक्षण अभियान के प्रभारी सुशील शुक्ला और मंडल अध्यक्ष नंद कुमार सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर संगठन और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव पाल ने कहा कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। इसका मूल इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा हुआ है, जिसकी स्थापना वर्ष 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी।

भाजपा ने 1984 में अपने पहले लोकसभा चुनाव में केवल

**प्रशिक्षण अभियान**

2 सीटें जीतीं, लेकिन 1989 में 85 सीटें जीतकर अपनी ताकत दिखाई। 1996 में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और 161 सीटें जीतीं। 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने 282 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल की। आज, भाजपा भारत की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। दूसरे सत्र में जिले के उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने भाजपा की वैचारिक अधिष्ठान पर कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

इस अवसर पर आशीष मिश्रा, राकेश कुमार, प्रभात गुप्ता, राकेश गुप्ता, गीता देवी, राज बक्श सिंह, अजय तिवारी, देवी बक्श विश्वकर्मा, ऋषि कुमार सिंह, जेपी सिंह, रावेंद्र सिंह, राजेंद्र मोहन, सोम दत्त त्रिपाठी, बलबीर सिंह, विनय त्रिपाठी, ऋतिक द्विवेदी, सुरेंद्र कुमार, राहुल सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### लीनस ऑन्कोलॉजी संस्थान दे रहा बेहतर उपचार

**अमेठी, अमृत विचार।** संजय गांधी अस्पताल स्थित लीनस ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों के कैंसर मरीजों को बेहतर उपचार दे रहा है। फरवरी 2026 में संस्थान ने 6 बड़ी कैंसर सर्जरी सफलतापूर्वक कीं। साथ ही 150 से अधिक कैंसर परामर्श भी प्रदान किए। अमेठी और आसपास के जिलों के मरीजों को अब बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता कम हो रही है। स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे मरीजों का समय और खर्च दोनों बच रहा है। पिछले कुछ समय में संस्थान में इलाज कराए गए कई मरीज कैंसर से पूरी तरह स्वस्थ हुए हैं। इनमें विशेष रूप से हेड एंड नेक कैंसर तथा ब्रेस्ट कैंसर के मरीज शामिल हैं। समय पर जांच, सर्जरी और आवश्यक उपचार के कारण कई मरीज अब सामान्य जीवन की ओर लौट चुके हैं। यह क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी उम्मीद और विश्वास का प्रतीक बन रहा है। संस्थान ने अपनी चिकित्सा टीम को सशक्त करते हुए डॉ. लकी कुमावत को पूर्णकालिक कैंसर विशेषज्ञ के रूप में शामिल किया है। उनके जुड़ने से कैंसर मरीजों को निरंतर विशेषज्ञ देखभाल और बेहतर उपचार सुविधाएं मिल सकेंगी। लीनस ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट अब सर्जिकल सेवाओं के विस्तार के साथ क्षेत्र में कैंसर उपचार की नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ. विनीत नक्रा ने बताया कि उनका उद्देश्य अमेठी के ग्रामीण मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली कैंसर चिकित्सा उनके क्षेत्र में ही उपलब्ध कराना है। फरवरी माह की 6 बड़ी सर्जरी और 150 से अधिक परामर्श स्थानीय इलाज पर लोगों के भरोसे का प्रमाण हैं। उन्हें यह देखकर संतोष है कि उपचार प्राप्त कर चुके कई मरीज, विशेषकर हेड एंड नेक और ब्रेस्ट कैंसर के, आज स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि समय पर पता लगने और सही इलाज से कैंसर को हराया जा सकता है। डॉ. कुमावत के टीम में शामिल होने से संस्थान की सेवाएं और मजबूत होंगी।



संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज।

# मस्जिद में रोजा-इफ्तार का हुआ आयोजन

कमरौली (अमेठी)



रोजा–इफ्तार के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रामसभा कठौरा की मस्जिद में रोजा-इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोज़ेदार शामिल हुए। कठौरा गांव की मस्जिद कमेटी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इफ़्तार का विशेष इंतज़ाम किया गया।मगरिब की अज़ान के साथ रोज़ेदारों ने खजूर खाकर अपना रोज़ा खोला। इसके बाद मस्जिद के इमाम मौलाना मसरूर ने मगरिब की नमाज़ अदा कराई।

इस मौके पर बताया गया कि पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया है कि जो व्यक्ति किसी रोज़ेदार को इफ़्तार करवाता है, उसे भी उतना ही सवाब मिलता है जितना रोज़ा रखने वाले को मिलता है। इफ्तार के बाद मस्जिद कमेटी की ओर से रोज़ेदारों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई, जहां सभी ने मिलकर खाना खाया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मोहम्मद नासिर, मोहम्मद मासूम, हाजी वारिस, मोहम्मद महज़र मदारी, जावेद, मुन्ना, मोहम्मद शाकिर, इसहाक, अब्दुल खालिक और मोहम्मद महताब सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मां सूर्यकुमारी के आश्रम में भंडारे का श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

सरेनी (रायबरेली)



भंडारे में प्रसाद छकते श्रद्धालु।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के रालपुर में स्थित आदि शक्ति मां सूर्यकुमारी के पवित्र आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आदि शक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका।

उल्लेखनीय है कि उत्तरवाहिनी गंगातट रालपुर में उपासना का वही फल हासिल होता है जो बनारस काशी गंगातट पर उपासना से फल मिलता है। यही वजह रही कि इस पवित्र स्थान पर भी आदि काल से ही साधू संतों की उपासना का सिलसिला चलता रहा।इन्हीं संतों में गुदड़ी बाबा की शिष्या सूर्यकुमारी भी शामिल थीं जिन्हें उपासना व सेवा से परम सिद्धि मिली थी। आज उन्ही आदि शक्ति मां सूर्य कुमारी की पुण्य तिथि है। क्षेत्र के कोरवां गांव के निवासी डॉ. पवन अग्निहोत्री व डा. अंजनी अग्निहोत्री के पिता सुरेश अग्निहोत्री भी मां के भक्त थे। इस परिवार के सदस्य आज भी घर में सुख समृद्धि की वजह आदि शक्ति मां की कृपा को ही मानते हैं। सात मार्च को उनकी 29वीं पुण्यतिथि पर भी भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान समाज सेवी महेंद्र प्रताप सिंह मदाखेड़ा, डॉ. पवन अग्निहोत्री, डा. रामभूषण अग्निहोत्री, डॉ. राहुल शुक्ला, शशि भूषण, शिवोम सैनी, करुणा शंकर द्विवेदी रहीं।

### प्रज्ञा पुराण कथा सिखाती जीवन जीने की कला



कार्यक्रम में मौजूद गायत्री परिवार के प्रतिनिधि बनारसी लाल शर्मा एवं अन्य।

**फुरसतगंज (अमेठी) अमृत विचार।** मनुष्य के जीवन में आज को मनुष्यता और संस्कारों की कमी महसूस की जा रही है। जहां एक ओर गृहस्थ जीवन में धन–संपत्ति की वृद्धि हुई है, वहीं संस्कारों का ह्रास भी देखने को मिल रहा है। ऐसे समय में प्रज्ञा पुराण की कथा हमें जीवन जीने की सही कला सिखाती है और मनुष्य को अनगढ़ से सुगढ़ बनाने का मार्ग दिखाती है। यह विचार अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के कथा वाचक पंडित सच्चिदानंद तिवारी ने प्रज्ञा पुराण कथा के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संस्कार विहीन मनुष्य पशु के समान होता है, जबकि संस्कारवान व्यक्ति ही सच्चे अर्थों में मनुष्य कहलाने का अधिकारी है। अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं शक्तिपीठ रायबरेली–अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में मुहैया केसरिया में चल रही प्रज्ञा पुराण कथा के दूसरे दिन पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें ग्रामीणों ने जनकल्याण, राष्ट्रकल्याण और सामाजिक समरसता के लिए गायत्री महामंत्र और महामृत्युंजय मंत्र की आहुतियां दीं। कार्यक्रम में जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह और ब्लॉक समन्वयक रामदेव मौर्य का सम्मान किया गया। कथा के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### एंबुलेंस व पीएसी वाहन की भिड़ंत में 6 घायल

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के सुलतानपुर–वाराणसी हाईवे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। उत्तराखंड के रुद्रपुर से वाराणसी के मणिकर्णिका घाट अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर जा रही एंबुलेंस सड़क किनारे खड़ी पीएसी की पिकअप से टकरा गई। हादसे में एक पीएसी जवान समेत छह लोग घायल हो गए, जबकि एंबुलेंस चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी अरुण कुमार सिंह की सास दीपा सिंह का निधन हो गया था। उनका शव एंबुलेंस से वाराणसी के मणिकर्णिका घाट अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था। शनिवार सुबह हनुमानगंज बाईपास के पास पखरौली स्टेशन के आरओबी से पहले मुरारपुर गांव के पास यह दुर्घटना हो गई। बताया जा रहा है कि लखनऊ से वाराणसी जा रही पीएसी की पिकअप जीप सड़क किनारे खड़ी थी और उसमें सवार जवान नित्य क्रिया के लिए उतरे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही शव वाहन एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पीएसी वाहन से जा टकराई। हादसे में एंबुलेंस चालक सोनू (36) पुत्र वशीर अहमद निवासी रुद्रपुर, उत्तराखंड गंभीर रूप से घायल हो गया।

**आयोजन** शिवगढ़ के कस्बे में स्थित श्री बरखण्डी बालिका विद्यालय के मैदान में लोगों ने किया श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण

# श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से मिलती है मोक्ष की प्राप्ति : पं. शिवकुमार

शिवगढ़ (रायबरेली)



श्रीमद् भागवत कथा सुनाते कथा व्यास पं. शिवकुमार महाराज।

**अमृत विचार।** नगर पंचायत शिवगढ़ के कस्बे में स्थित श्री बरखण्डी बालिका विद्यालय के मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पंडित शिवकुमार महाराज ने श्रोताओं को कथा का महत्व बताया। उन्होंने अपनी अमृतमयी वाणी में कहा कि सच्चे मन से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण और मनन करने से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं तथा वह भवसागर को पार होकर मोक्ष की प्राप्ति करता है। कथा का आयोजन मानव कल्याण के उद्देश्य से रामेश्वर सिंह चौहान, रामकुमारी देवी, राम बहादुर सिंह चौहान और रविंद्र बहादुर सिंह चौहान उर्फ रवि द्वारा कराया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य यजमान राकेश सिंह चौहान, गीता सिंह, बृजेंद्र बहादुर सिंह चौहान, रणविजय सिंह, दुर्गा प्रसाद सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

**जीवन जीने की कला सिखाती है रामचरित मानस, महराजगंजः** क्षेत्र के कड़रिया मजरे बारी गोहन्ना गांव स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में श्रीरामचरितमानस सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर अयोध्या धाम से पधारे विद्याभूषण शास्त्री ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरित मानस की रचना करके संपूर्ण मानवजाति को प्राणी मात्र के प्रति कर्तव्यबोध कराया। रामचरित मानस गृहस्थ जीवन का संविधान है। यह जीवन जीने की कला सिखाती है। सफल एवं सुखमय जीवन जीने के लिये नित्यप्रति मानस का पाठ करना चाहिए। इससे घर मे सुख शांति रहती है और सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। विषम परिस्थितियों में संघर्ष की शक्ति मिलती है।

इटावा से आये राघव किशोर रामायणी ने भरत चरित्र के प्रसंगों द्वारा समाज को भाई प्रेम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समाज में आज भाई-भाई में प्रेम नहीं ईर्ष्या द्वेष कलह हो रहा है। इसलिए भाई प्रेम की शिक्षा हमें राम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न चारों भाइयों से लेनी चाहिए। श्रीराम की सेवा में लक्ष्मण, भरत की सेवा में शत्रुघ्न, राम के मन की करने वाले भरत हैं, भरत के आदर्श को दिखाने वाले शत्रुघ्न। रचना ने "अनुसुइया के पद गहि सीता।मिली बहोरि सुसील बिनीता।।गोस्वामी तुलसीदास जी रामचरितमानस के अरण्यकांड में वर्णन करते हैं कहा कि चित्रकूट में अत्रि मुनि के आश्रम में अत्यंत सुशील सीताजी ने अनुसुइयाजी के चरण पकड़े, जिससे प्रसन्न होकर उन्होंने सीताजी को आशीष दी, दिव्या वस्त्र-आभूषण दिए और पतिव्रत धर्म का उपदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन अजीत सिंह (बबलू) ने किया। आयोजक प्रमोद मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, पवन मिश्रा, सूर्यमणि द्विवेदी, रूपनारायन मिश्रा, कृपा शंकर शर्मा, शिवशंकर मिश्रा, देवनारायन मिश्रा, रामचंद्र द्विवेदी, अनिल मिश्रा, बबलू मिश्रा, रामप्रकाश सिंह, राकेश सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह, श्याम बाबू शुक्ला, उत्तम तिवारी, विजय मिश्रा, पवन साहू, सुशील पांडेय आदि मौजूद रहे।

### श्रीराम कथा का हुआ आयोजन



कथा कहते महाराज राजेश निर्मोही।

**कमरौली (अमेठी) अमृत विचार।** जगदीशपुर क्षेत्र के सिन्दूरवा स्थित बाबा गंगादास कुटी में आयोजित श्रीराम कथा का प्रथम दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक चली कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा परिसर राममय हो उठा। कथा वाचक महाराज राजेश निर्मोही ने रामायण के बालकाण्ड का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भगवान श्रीराम के जन्म और उनकी बाल लीलाओं का विस्तार से प्रसंग सुनाया। उनकी मधुर वाणी और भक्तिमय शैली से श्रद्धालु भावविभोर हो गए और पूरे वातावरण में भक्ति की रसधारा बहने लगी। कथा के समापन पर विधि–विधान से आरती की गई, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर महंत गुरु बक्श दास महाराज, दिनेश, श्यामलाल, तुलसीराम, बाबादीन, राहुल, शिवकुमारी, संदीप पाण्डेय, संगीता सिंह, संजय चौहान, राकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

